





झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 30 जून 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -15 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## मुख्यमंत्री ने इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित 1,042 सहायक आचार्यों के बीच बांटे नियुक्ति पत्र

# शिक्षकों के ज्ञान, व्यवहार और कार्यशैली से राज्य के बच्चों का भविष्य तय होगा : हेमंत

झारखण्ड उजाला संवाददाता



**रांची।** आने वाले समय में राज्य के बौद्धिक क्षेत्र का आयाम कैसा हो और हमारे आने वाली पीढ़ी अपने पैरों पर कैसे खड़ी हो, यह अब आप सभी नव नियुक्त सहायक शिक्षकों को तय करना है। आज से आप राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड किस प्रकार अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आकर खड़ा हो, यह आपकी जिम्मेवारी है। राज्य सरकार ने आप नव नियुक्त शिक्षकों को केवल नौकरी नही, बल्कि राज्य की भावी पीढ़ी का भविष्य गढ़ने की एक महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। आज का यह दिन केवल नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके परिवारजनों के लिए भी गर्व और हर्ष का अवसर है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। वे मंगलवार को टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में आयोजित 1,042 नव चयनित इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त सहायक आचार्यों को अपनी ओर से उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शिक्षकों के ज्ञान, व्यवहार और कार्यशैली से राज्य के बच्चों का भविष्य तय होगा। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकारी संस्थानों की कमियों-खामियों पर अक्सर उंगलियां उठती हैं, जिनमें से कुछ सही होती हैं तो कई गलत। झारखंड सरकार की जिम्मेवारी राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों के प्रति है–जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, बुजुर्ग, किसान, महिलाएं, नौजवान और छात्र शामिल हैं। यहां तक कि हवा, पानी सहित मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के विकास की जिम्मेवारी भी जनता द्वारा चुनी गई सरकार की है, लेकिन, एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि नागरिकों की भी अपनी अलग जिम्मेवारी है। यदि सभी लोग एक जिम्मेवार नागरिक के रूप में व्यवहार करें और अपना 'सिविक सेंस' मजबूत करें, तो व्यवस्था में बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव आ सकता है।

### सरकार की आंख, कान और हाथ बनकर कार्य करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य सरकार की आंख, कान और हाथ बनकर कार्य करेंगे। झारखंड की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रही है, इसलिए दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की जिम्मेवारी आप सभी के कंधों पर रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के विद्यालयों से बच्चों के साथ कोई भी अप्रिय अथवा दुर्व्यवहार की खबर सामने नहीं आनी चाहिए। अगर बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की बर्बरता या अमानवीय व्यवहार होती है, तो सरकार जितनी संवेदनशीलता से शिक्षकों को आगे बढ़ाने की सोच रखती है, कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उतने ही कड़े कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अपनी जिम्मेवारी पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ निभाएंगे, तो समाज और राज्य दोनों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से बच्चों के प्रति संवेदनशील और कुशल व्यवहार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी व्यक्ति की जाति या धर्म नहीं, बल्कि उसकी क्षमता, दक्षता, कार्य और विचार को महत्व देती है, इसलिए शिक्षकों को समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में एकजुट होकर काम करेंगे, तो किसी भी चुनौती का सामना डटकर किया जा सकता है।

### लाखों में से चयनित युवा हैं बौद्धिक संपदा, दुर्गम क्षेत्रों में संभालें शिक्षा का मोर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा परीक्षा में शामिल लाखों आवेदकों में से चुने गए आप सभी लोग बौद्धिक रूप से बेहद संपन्न हैं। यह नियुक्तियां व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कीर्तिमान है। सरकार के पिछले कार्यकाल में जहाँ 55 हजार से अधिक नियुक्तियां दी गई थीं, वहीं वर्तमान कार्यकाल के दूसरे महीने से ही स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां निरंतर जारी है।

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभागीय सचिव उमा शंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं नव नियुक्त सहायक आचार्य तथा उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सेशेल्स : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में पूजा-अर्चना की

एजेंसी



**विक्टोरिया/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया में स्थित अरुल मिहु नवशक्ति विनायकर मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की, यह मंदिर सेशेल्स का एकमात्र हिंदू मंदिर है. यह मंदिर सेशेल्स में रह रहे तमिल सहित अन्य भारतीय समुदायों की आस्था का एक बड़ा केंद्र है, इस मंदिर की स्थापना 1992 में की गई थी, भगवान गणेश को समर्पित मंदिर विक्टोरिया शहर के मुख्य आकर्षणों में से एक है. यहां हर साल भव्य त्योहार मनाए जाते हैं प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय भारतीय समुदाय द्वारा यहां विशेष सजावट और तैयारियां की गयी थीं. पीएम मोदी ने प्रार्थना के बाद भारत और सेशेल्स के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को रेखांकित किया, जानकारों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस मंदिर यात्रा का उद्देश्य सांस्कृतिक कूटनीति' को बढ़ावा देना है. यह जान लें कि हिंद महासागर में स्थित सेशेल्स भारत के लिए सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण देश माना जाता है. बता दें कि पीएम मोदी अपने राजकीय दौरे पर इस समय सेशेल्स में हैं. कल रविवार पीएम को यहां सेशेल्स की संसद में गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन के खिताब से नवाजा गया. संसद को संबोधित करने हुए पीएम मोदी ने इस सम्मान के लिए सेशेल्स का आभार जताया. उन्होंने कहा कि उन्हें ये सम्मान पाकर गर्व महसूस हो रहा है.

### रक्षा से यूपीआई और ईसरो तक कई ऐतिहासिक समझौते, पीएम मोदी की सेशेल्स यात्रा के बड़े नतीजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा केवल दिखावे या कूटनीतिक प्रतीकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षमता निर्माण और उभरती हुई टेक्नोलॉजी में साझेदारी का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ। सबसे अहम नतीजों में से एक था सेशेल्स में फिर से चार मिलिट्री एडवाइजर तैनात करने का भारत का फैसला; इससे उस व्यवस्था को फिर से शुरू किया गया जिसे द्वीप देश की पिछली सरकार ने बंद कर दिया था। एडवाइजर की वापसी एक बड़े रणनीतिक बदलाव का संकेत है और सेशेल्स के सुरक्षा ढांचे में भारत की भागीदारी को और मजबूत करती है।

# अनगड़ा में दो सगे भाइयों की कुएं में डूबकर मौत, शुरूआती जांच में सामने आई अलग कहानी

झारखण्ड उजाला संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चन्द्राटोली गांव में सोमवार को हुई दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया. कुएं में डूबने से दो सगे भाइयों, 42 वर्षीय सुखराम मुंडा और 35 वर्षीय विनोद मुंडा की मौत हो गई. इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, विनोद मुंडा कुएं से पानी निकालने गया था. इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गया. छोटे भाई को डूबता देख बड़े भाई सुखराम मुंडा ने बिना देर किए उसे बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी. बताया जाता है कि सुखराम ने विनोद को पानी के ऊपर तक खींच भी लिया लेकिन कुएं में पानी अधिक होने के कारण वह उसे बाहर नहीं निकाल सके. आखिरकार दोनों भाइयों की डूबने से मौत हो गई.

### पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि यह कुआं दो वर्ष पहले मनरेगा योजना के तहत बनाया गया था लेकिन अब तक उस पर सुरक्षा के लिए मुंडेर नहीं बनाई गई थी. घटना की सूचना मिलने पर अनगड़ा थाना प्रभारी गौतम रजवार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने दोनों शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### पुलिस की शुरूआती जांच में मौत का कारण कुछ और

हालांकि, थाना प्रभारी गौतम रजवार ने बताया कि शुरूआती जांच में एक अलग पहलू सामने आया है. उनके अनुसार, दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी. इसी दौरान विनोद मुंडा कथित तौर पर आक्रोश में आकर कुएं में कूद गया. भाई को डूबता देख सुखराम भी उसे बचाने के लिए कुएं में उतर गया लेकिन गहरे पानी की वजह से दोनों डूब गए. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों की स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी. थाना प्रभारी ने बताया कि घटना 29 जून की सुबह 5 से 6 बजे के बीच की है. इसी दौरान स्थानीय मुखिया का फोन आया था. थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस बाबत परिवार की ओर से लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. इधर, पूर्व मुखिया मधुसूदन मुंडा ने पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है. गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद शोक का माहौल है और लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



सेराज अंसारी
मोमिन कॉन्फ्रेंस नगर अध्यक्ष

**सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है: मायने रखता है तो बस आगे बढ़ने का साहस। यह विचार हमें निरंतर प्रयास करने और मुश्किल समय में भी हिम्मत न हारने की प्रेरणा देता है, क्योंकि सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के अस्थायी पड़ाव हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **76,728.37**
निफ्टी :- **23,946.35**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **31** °
न्यूनतम तापमान : **24** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:06**
संध्या :- **18:39**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन (1937) के ओ लंदन में दुनिया का पहला आपातकालीन टेलीफोन नंबर '999' पेश किया गया?**

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 10 साल की सजा, 30 हजार जुर्माना भी

**रांची।** नाबालिग से यौन शोषण से जुड़े मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने सोमवार को जेल में बंद आरोपी मोहम्मद साजिद को 10 साल के सश्रम कैद की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. मामले में पीड़िता ने रांची के अरगोड़ा थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी. यह मामला अगस्त 2025 का है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पीड़िता के मंदिर से वापस लौटने के दौरान आरोपी मोहम्मद साजिद ने उसे रास्ते में रोककर उसे जूस पीने को कहा. बाद में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था. ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए गवाह ने भी घटना को सही बताया था. वहीं, पीड़िता ने भी अदालत में घटना का समर्थन किया था.

### पांच दिनों तक झमाझम बारिश के आसार, वज्रपात से पांच की मौत

**रांची।** झारखंड में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून अब पूरी तरह सक्रिय होने लगा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की मानें तो अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज–चमक और वज्रपात की संभावना है. बारिश के कारण तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिलेगी. मौसम विभाग के अनुसार, 2 जुलाई तक राज्य में बादल छाए रहेंगे और अधिकांश जिलों में बारिश होती रहेगी. 29 और 30 जून को पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार समेत कई जिलों में तेज हवा, गरज–चमक और वज्रपात की संभावना है. वहीं 30 जून और 1 जुलाई को कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, रांची, बोकारो, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है.












# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर प्रेस वार्ता

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**30 जून से 29 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता से भरवारा जाएगा गणक प्रपत्र।**

**30 जून को होगा विशेष हैशटैग अभियान JharkhandSIR का संचालन, सभी से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।**




**रामगढ़।** जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ऋतुराज ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले एन्यूमरेशन फेज के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को दो प्रति में गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे, जिसे मतदाता भरकर एवं हस्ताक्षर कर इछड को जमा करेंगे। इसके उपरांत एक प्रति रिसीविंग कर मतदाता को उपलब्ध करा दी जाएगी वहीं दूसरी प्रति कार्यालय में जमा होगी। उपायुक्त ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों, राज्य से बाहर अध्ययनरत छात्रों एवं अन्य अनुपस्थित मतदाताओं के लिए परिवार का कोई वयस्क सदस्य ECINET पोर्टल अथवा BLO के माध्यम से गणना प्रपत्र प्राप्त कर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा कर सकता है। सत्यापन अवधि 05 अगस्त से 03 अक्टूबर 2026 तक चलेगी, जिसमें केवल चिन्हित मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती SIR की मतदाता सूची में नाम दर्ज मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, जिन मतदाताओं अथवा उनके माता-पिता का नाम पूर्व रक्फ़ सूची में नहीं है, उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेजों में से किसी एक की स्व-अभिप्रमाणित प्रति जमा करनी होगी। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 7,55,455 मतदाताओं में से 6,16,585 मतदाताओं का मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो 81.62 प्रतिशत है। वहीं 1,38,870 मतदाताओं का मैपिंग कार्य शेष है। उपायुक्त ने बताया कि 30 जून को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक 22-बड़कागांव एवं 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर इछड एवं इछअ-2 की बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए पोस्टर एवं प्रचार-प्रसार सामग्री का वाचन किया जाएगा तथा विशेष हैशटैग अभियान JharkhandSIR के साथ निर्वाचन जागरूकता से संबंधित सामग्री का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (X, Facebook, Instagram एवं ouTube आदि) पर व्यापक प्रसार-प्रचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ELC के सदस्य, संबंधित मतदान केंद्र के मतदाता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (BLA) भाग लेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी से बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लेने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समयावधि में एउक्छएळ मोबाइल ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग सुनिश्चित करेंगे, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके। अंत में उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950, ECINET पोर्टल एवं एउक्छएळ मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के यूकेजी अल्फा एवं यूकेजी ब्रावो में मनाया गया बेवरेजेस डे




**रामगढ़।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के यूकेजी अल्फा एवं यूकेजी ब्रावो के नन्हे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ह्यबेवरेजेस डेह्न मनाया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं ने सर्कल टाइम के दौरान विभिन्न पेय पदार्थों के चित्र दिखाकर बच्चों को उनके बारे में जानकारी दी ।वातार्लाप सत्र में बच्चों के साथ स्वास्थ्यवर्धक एवं अस्वास्थ्यकर पेय पदार्थों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि बाजार में मिलने वाले कई फ्लेवर्ड ड्रिंक्स में कृत्रिम फ्लेवर और अत्यधिक चीनी होती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। चर्चा का निष्कर्ष यह रहा कि पानी सबसे उत्तम और स्वास्थ्यवर्धक पेय है ।गतिविधि को रोचक एवं अनुभवात्मक बनाने के लिए बच्चों ने स्वयं नींबू से ताजा नींबू पानी तैयार किया और उसका आनंद लिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वस्थ पेय पदार्थों के महत्व को व्यावहारिक रूप से समझा ।विद्यालय की प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर शिक्षिकाओं के सराहनीय प्रयासों तथा विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभागिता की प्रशंसा करते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान श्री परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सम्माननीय सदस्य–सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कर्मठ शिक्षक राकेश मुंडा को दी गई भावभीनी विदाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** किस्को प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, किस्को में 1994 बैच के कर्मठ शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश मुंडा को मंगलवार को एक सादे लेकिन भावनात्मक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। वे 30 जून 2026 को सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुखदेव रजवार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, माता समिति के सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने राकेश मुंडा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।वक्ताओं ने कहा कि राकेश मुंडा ने लगभग 10 वर्षों तक इस विद्यालय में पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल में विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं अनुशासन को नई पहचान मिली। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में बेदाग छवि के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। समारोह में पूर्व प्रभारी मोहम्मद असलम, सेवानिवृत्त शिक्षिका सबिहा खातून सहित विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं मुस्ताक अनवर, वकील अंसारी, मुस्तफा आलम, मंजू कुजूर, रामलखन राम एवं अन्य उपस्थित रहे। सभी ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप में प्लस टू गोला बना चैंपियन,उपविजेता बना सुतरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**विद्यार्थी पढ़ाई के साथ- साथ खेल के क्षेत्र में अपना करियर बनाए- फूल कुमारी**

**रामगढ़/गोला।** सोमवार को गोला प्रखंड के छोटानगपुर फुटबॉल मैदान पूरबडीह में प्रखंड स्तरीय 65वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबले के साथ भव्य समापन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पुरबडीह पंचायत की उप मुखिया फूल कुमारी एवं प्रखंड प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग में कुल 10 टीमों ने भाग लेकर खेल का शानदार प्रदर्शन किया । फाईनल मुकाबला में एस एस +2 हाई स्कूल गोला बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुतरी के बीच खेला गया ।जिसमे एस एस +2 गोला की टीम ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सुतरी के टीम को 2- 0 से पराजित कर प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालक वर्ग का चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम किया ।विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों के द्वारा ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं उप मुखिया फूल कुमारी ने कहा कि गोला प्रखंड के खिलाड़ी पुरे राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त प्रखंड का नाम रौशन करें। वहीं विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेल क्षेत्र में अपना करियर बनाए। वहीं प्रखंड प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी ने बताया कि झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार पूरे राज्य भर में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विद्यालय स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेला जाना है। मौके पर झारखण्ड ओलिंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि चंद्र शेखर राम करमाली,बीपीओ श्याम सुंदर महतो बीआरपी संतोष महतो, अमर खत्री, सीआरपी देवकुमार महतो उत्तम कुमार, बैजनाथ महतो शारीरिक शिक्षा शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास, सुनील कुमार, तेजू कुमार मुंडा,आशीष कुमार दास ,कुलदीप कुमार , रविन्द्र कुमार,आदित्य कुमार महतो शिवकुमार,विकाश कुमार, अजीत कुमार, मनोज कुमार, जॉय प्रकाश सिंह, रमेश यादव,नागेश्वर महतो, मिथुन कुमार महतो सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जन शिकायतों के निष्पादन, आधारभूत संरचना विकास, पेयजल आपूर्ति, विद्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यप्रणाली, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभुकों की स्थिति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।उन्होंने संबंधित विभागों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने, प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर बल दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पतरातू थर्मल में वरिष्ठ आचार्य उदय कुमार मिश्र को दी गई भावभीनी विदाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पतरातू थर्मल के प्रांगण में सोमवार वरिष्ठ आचार्य उदय कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन्हें अश्रुपूरित और आदरपूर्वक विदाई दी। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष मनोज साहू, सह-सचिव राज किशोर सिंह, पूर्व आचार्य सत्येंद्र, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक एवं विदा हो रहे वरिष्ठ आचार्य उदय कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। मंच संचालन विद्यालय की दीदी सुमन सिन्हा ने अपनी कुशल एवं प्रभावी शैली में किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ आचार्य अशोक सिंह ने उदय आचार्य जी के साथ बिताए गरिमामयी और यादगार क्षणों को सभी के साथ साझा किया। विद्यालय के अध्यक्ष मनोज साहू ने अपने संबोधन में उदय जी के सौम्य व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यालय के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक ने उदय मिश्रा के संपूर्ण कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जाना विद्यालय के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनका मार्गदर्शन हमेशा हमारा संबल बना रहेगा। पूर्व आचार्य सत्येंद्र ने भी उदय मिश्रा के व्यक्तित्व और कार्यशैली की विस्तार से चर्चा की ।विदाई की इस बेला में विद्यालय के भैया-बहनों ने उदय आचार्य की विदाई में एक अत्यंत सुरीला और भावपूर्ण विदाई गीत प्रस्तुत किया, जिससे पूरा माहौल भावुक हो उठा। कुछ विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर उदय आचार्य जी से जुड़ी अपनी खट्टी-मीठी यादें साझा कीं।अपने विदाई भाषण में उदय कुमार मिश्र अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने विद्यालय, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और बच्चों को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। सम्मान और उपहार विदाई के इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से, भैया-बहनों की ओर से तथा विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी की ओर से उदय आचार्य को स्मृति चिह्न और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।अंत में विदाई की घड़ी आते-आते पूरा विद्यालय परिसर अत्यंत भावुक और विह्वल नजर आया। सभी ने उदय आचार्य के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन की कामना की।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूर्णिमा पर सत्यनारायण पूजा, रुद्राभिषेक व भंडारे का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/गोला।** चित्तरंजन सेवा सदन, गोला परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सोमवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा में भाग लेकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा कार्यक्रम के अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक भी संपन्न कराया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया तथा सभी के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सेवा सदन की संचालिका वंदना अम्बष्ट ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर नियमित रूप से श्री सत्यनारायण पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु शामिल होकर पूजा-अर्चना करते हैं और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 7 जुलाई से 14 जुलाई तक मंदिर परिसर में वृंदावन से पधारने वाले आचार्य के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन कथा श्रवण के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जबकि 14 जुलाई को कथा का समापन हवन, पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम में अमरेंद्र गुरु, वंदना अम्बष्ट, के.बी. पाठक, मनोज मिश्रा, मनीष कुमार, बेबी देवी, अंजू देवी, राजनाथ महतो, सुचन्द महतो, रेनू देवी, रेखा सिन्हा, विद्या देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## अमर शहीद सिदो-कान्हू के बलिदान को याद कर बी एड कॉलेज कॉलेज में मनाया गया 'हूल दिवस'

**रामगढ़/रजरप्पा।** चित्तरपुर प्रखंड के लारी स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में देश के पहले जनक्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो की स्मृति में 'हूल दिवस' (संथाल हूल) अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों और छात्र-अध्यापकों द्वारा वीर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि 30 जून 1855 को भोगनाडीह से शुरू हुआ 'हूल' सिर्फ एक विद्रोह नहीं, बल्कि जल, जंगल, जमीन और अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के खिलाफ देश का पहला संगठित जन-आंदोलन था। सिदो - कान्हू का नारा करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो आज भी हमें अपनी संस्कृति और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि हूल क्रांति का इतिहास हमें अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना सिखाता है। आज के युवा समाज और भावी शिक्षकों को इन अमर बलिदानियों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, ताकि एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत और हूल क्रांति के महत्व पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी व्याख्याता, गैर-शिक्षण कर्मचारी और बड़ी संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## पीवीयूएनएल परियोजना में हादसा, सामान उतारने के दौरान श्रमिक को लगी गंभीर चोट

**पतरातू:** पीवीयूएनएल पावर प्लांट निर्माण परियोजना में सोमवार को कार्य के दौरान हुए हादसे में एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान तपन बासु मंत्री (50) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से असम का निवासी बताया जाता है और परियोजना में भेल के अधीनस्थ कार्य कर रही नवनिर्माण एजेंसी के माध्यम से कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार, एसीसी (ACC) साइड में वाहन से सामग्री उतारने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान दुर्घटना हो गई, जिससे तपन बासु मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कर्मियों ने उसे तत्काल पीवीयूएनएल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल कर्मी का एक हाथ कटा हुआ है। वहीं उसके पैरों में भी गंभीर छोटे आई हैं। घटना के बाद परियोजना परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। हादसे के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं इस दुर्घटना के संदर्भ में पीवीयूएनएल अस्पताल की सीएमओ से बात करने पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकर कर दिया।

## लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आम बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सड़क सुरक्षा और ट्रक परिचालन की समस्याओं पर मंथन**



**लोहरदगा:** लोहरदगा- गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की आम बैठक सोमवार को चंदवा गैरेज लाइन स्थित एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव रोहित अग्रवाल ने की। बैठक में सड़क सुरक्षा, ट्रक परिचालन में आ रही समस्याओं और खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभी ट्रक मालिकों से अपने चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने की अपील की गई। निर्णय लिया गया कि कोई भी चालक नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएगा, सभी ट्रकों पर आगे-पीछे नंबर प्लेट, रेडियम पट्टी तथा आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेंगे। साथ ही निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा ।एसोसिएशन ने बताया कि टूटूवा मोड़, बनारी, आदर, घाघरा, लोहरदगा, सेन्हा और चंदवा सहित विभिन्न स्थानों पर समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर ट्रकों की जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर एक माह तक परिचालन से रोकने सहित आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।बैठक को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने आरोप लगाया कि हेसल प्लांट में ट्रकों को दो से तीन दिनों तक सड़क पर खड़ा रखा जाता है, जिससे चालकों को भारी परेशानी होती है और स्थानीय लोगों को भी जाम का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि डीएमओ के आदेशों के कारण भी ट्रकों के परिचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। नो-एंट्री समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में ट्रकों के एक साथ शहर में प्रवेश करने से लोहरदगा में जाम की स्थिति बन जाती है ।एसोसिएशन ने प्रशासन से लोहरदगा के लिए शीघ्र बाईपास सड़क उपलब्ध कराने, हिंडाल्को द्वारा ट्रकों के अनावश्यक ठहराव पर डेमरेज शुल्क देने तथा समझौते के अनुरूप ट्रिप उपलब्ध कराने की मांग उठाई ।बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा उपायुक्त एवं जिला खनन पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही जिला सड़क सुरक्षा समिति में ट्रक, टेंपो और ट्रैक्टर सहित सभी परिवहन संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग भी रखी जाएगी ।बैठक में जालिम माइंस एवं कुजाम माइंस की गाड़ियों के समायोजन पर भी चर्चा हुई, हालांकि इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका ।इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुद्रिका यादव, रोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सैकड़ों ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ चंडी बाड़ी में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा:** शहर के नवाड़ी पाड़ा स्थित सोनार मुहल्ला में नवनिर्मित मां चंडी बाड़ी मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा, महाआरती एवं भंडारा महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन समिति के अनुसार 29 जून से 1 जुलाई तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव के पहले दिन सुबह सीठियो नदी से कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा बरवाटोली, महावीर चौक, राणा चौक और तिवारी चौक होते हुए मां चंडी बाड़ी मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मंगलवार, 30 जून को सुबह पूजन के बाद दोपहर 3 बजे भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा, जो नवाड़ी पाड़ा, राणा चौक, गुदरी बाजार, तेतर तर, हटिया मुहल्ला और तिवारी चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगा। वहीं 1 जुलाई की सुबह 6 बजे वैदिक विधि-विधान के साथ मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी, जिसके बाद महाआरती और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान को आचार्य उत्तम शास्त्री, गोपाल पाण्डेय एवं रमेश मिश्रा के सान्निध्य में संपन्न कराया जा रहा है ।आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश रंजन उरांव, सचिव मनीष सोनी, उपाध्यक्ष राकेश सिंह एवं कर्मा साहू, कोषाध्यक्ष रामदास प्रजापति, रंजीत सोनी सहित सदस्य राजकिशोर महतो, रविकांत सोनी, विजय सोनी, नवीन सोनी, सुशांत सोनी, राकेश सोनी, अभिषेक सोनी, हर्षित सोनी, बसंत महतो, संजय सोनी, अरविंद सोनी, शशि सोनी, हर्षित राय, सूरज महतो, धीरज सोनी, हिमांशु ठाकुर समेत अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, महाआरती और भंडारा कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने खाद्य सामग्री का सहयोग किया

**रामगढ़।** गिद्दी 'सी' निवासी स्वर्गीय सनोज बेसरा (पुत्र श्री शनि बेसरा) का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है ।इस दुःख की घड़ी में कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था, रामगढ़ ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार के सहयोग हेतु खाद्य सामग्री एकत्रित कर उनके घर पहुँचाकर सहायता प्रदान की। संस्था के सदस्यों ने शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि विपत्ति की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा रहे। संस्था आगे भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहेगी ।संस्था ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# रिम्स पहुंचे वित्त मंत्री और स्वास्थ्य सचिव : निदेशक की लगाई क्लास, जीबी बैठक से पहले व्यवस्था सुधारने का निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची :** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सोमवार दोपहर अचानक राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचकर वहां की चिकित्सा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया. दोनों आलाधिकारी ठीक दोपहर 12 बजे रिम्स के ट्रॉमा बिल्डिंग पहुंचे और सेंट्रल इमरजेंसी के साथ-साथ क्रिटिकल केयर विभाग के आईसीयू का भ्रमण किया. निरीक्षण के दौरान आईसीयू वार्ड में कई जगह खाली स्थान देखकर वित्त मंत्री और स्वास्थ्य सचिव ने रिम्स निदेशक डॉ. डीके सिन्हा को आड़े हाथों लिया. उन्होंने सख्त लहजे में पूछा कि यहां बेड क्यों नहीं हैं? इस पर रिम्स प्रशासन द्वारा सफाई दी गई कि पुराने बेड टूट गए हैं और नए बेड की खरीद की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है.

**वेंटिलेटर की धीमी खरीद प्रक्रिया पर सचिव ने जताई नाराजगी**

बेड की कमी पर जवाब मिलने के तुरंत बाद स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने अस्पताल में जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता को लेकर रिम्स प्रबंधन से सवाल किए. उन्होंने पूछा कि अति आवश्यक वेंटिलेटरों की खरीदारी में अब तक इतनी देरी क्यों हुई है? रिम्स प्रबंधन ने इस पर अपनी दलील देते हुए बताया कि फिलहाल 13 नए वेंटिलेटरों की खरीद की कागजी प्रक्रिया अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा. इस दौरान मंत्री और सचिव को क्रिटिकल केयर विभाग के एक्सपेंशन को लेकर आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया गया. अधिकारियों को बताया गया कि परिसर स्थित बीएसएनएल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर वहां जल्द ही 16 नए बेड स्थापित किए जा रहे हैं, जिस पर काम शुरू हो चुका है.

**20 दिन में होगी गवर्निंग बॉडी की बैठक**

अस्पताल की बदहाली को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य सचिव ने रिम्स प्रशासन को तत्काल सभी अधूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिया. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अगले 15 से 20 दिनों के भीतर रिम्स गवर्निंग बॉडी की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक होने वाली है. उस बैठक से पहले अस्पताल की इन सभी बुनियादी कमियों और खामियों को हर हाल में दूर कर लिया जाना चाहिए. इसके बाद सचिव ने रिम्स के सभी विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की. उन्होंने साफ निर्देश दिया कि रिम्स परिसर के जितने भी जर्जर और अनुपयोगी भवन हैं, उन्हें अविलंब तोड़कर वहां नए और आधुनिक चिकित्सा भवनों का निर्माण कराया जाए. उन्होंने याद दिलाया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में रिम्स को राज्य भर में अग्रणी भूमिका निभानी है, इसलिए आंतरिक व्यवस्था में अमूल-चूल सुधार लाना अनिवार्य है.

**पलामू के एक ही परिवार के पांचवें सदस्य की मौत**

वित्त मंत्री और स्वास्थ्य सचिव करीब एक घंटे तक ट्रॉमा बिल्डिंग में रहे. इस दौरान उन्होंने एक दुखद मामले का भी संज्ञान लिया. रिम्स के क्रिटिकल आईसीयू वार्ड में भर्ती पलामू के एक ही परिवार के प्रभावित सदस्यों में से सोमवार को पांचवें मरीज की भी इलाज के दौरान मौत हो गई. वहीं, इसी परिवार की छठवीं महिला सदस्य की स्थिति भी अभी गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज वेंटिलेटर सपोर्ट पर चल रहा है. हालांकि, डॉक्टरों के मुताबिक महिला की तबीयत में पहले की तुलना में आंशिक सुधार देखा गया है, लेकिन एहतियातन उन्हें आईसीयू में ही रखा गया है. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को व्यक्तिगत रूप से पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया.

# क्रिकेट गेंद को लेकर कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला, 1 आंख की गई रोशनी, दिव्यांग युवक से मारपीट का भी मामला दर्ज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची :** राजधानी रांची में मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. बरियातु थाना क्षेत्र के चिरौंदी स्थित ब्राम्बे आवास में क्रिकेट की गेंद को लेकर हुए विवाद में रांची महानगर कांग्रेस के महासचिव एवं होटल व्यवसायी संतोष साह पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया. हमले में उनकी बाईं आंख गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई. डॉक्टरों ने इलाज के बाद स्पष्ट किया है कि उनकी बाईं आंख की रोशनी अब वापस नहीं आ सकेगी. घटना रविवार शाम की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, संतोष साह का बड़ा बेटा विराट साह अपने दोस्त के साथ घर के पास क्रिकेट खेल रहा था. खेल के दौरान गेंद कुछ युवकों के पास चली गई. आरोप है कि जब विराट गेंद लेने पहुंचा तो वहां मौजूद युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी. बेटे के साथ विवाद की जानकारी मिलने पर संतोष साह मौके पर पहुंचे और गेंद लौटाने की बात कही. इसी दौरान आरोप है कि गोलू राम ने उन्हें पकड़ लिया, जबकि सोहेल अंसारी और शुभान अंसारी समेत अन्य लोगों ने धारदार फाइटर से हमला कर दिया. हमले में उनके सिर पर कई चोटें आईं और बाईं आंख पर गंभीर वार होने से उनकी आंख की रोशनी चली गई. बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी भी घायल हो गईं. घायल संतोष साह को तत्काल रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दीपक की देखरेख में उनका इलाज किया गया.

चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि उनकी बाईं आंख की रोशनी स्थायी रूप से खत्म हो चुकी है. संतोष साह ने हमले के पीछे पुरानी राजनीतिक रंजिश की भी आशंका जताई है. उनका आरोप है कि वार्ड पार्षद चुनाव के दौरान एक प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने को लेकर आरोपितों ने पहले भी उन्हें धमकी दी थी. उनका कहना है कि उसी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया. बरियातु थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी. इधर, सदर थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित की मां विनीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा कुणाल कुमार शारीरिक रूप से दिव्यांग है. रविवार रात घर लौटने के दौरान शुभम और पितांबर ने कथित रूप से नशे की हालत में उसके साथ गाली-गलौज की, कपड़े फाड़ दिए और मारपीट की.

# झारखंड में भूमि सर्वे में देरी पर हाइकोर्ट सख्त, राजस्व सचिव को 15 जुलाई तक नया शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में वर्ष 1974-75 से लंबित भूमि सर्वे कार्य को पूरा कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है. चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के अवर सचिव द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि जब पिछली सुनवाई में स्वयं राजस्व सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, तो अवर सचिव ने यह शपथ पत्र किस आधार पर दाखिल किया. खंडपीठ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व सचिव स्वयं 15 जुलाई तक नए तथ्यों और अद्यतन जानकारी के साथ शपथ पत्र दाखिल करें. साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है.

**सभी जिलों में सर्वे पूरा होने की समयसीमा बताने का निर्देश**

इससे पहले हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह शपथ पत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करे कि झारखंड के सभी जिलों में भूमि सर्वे का कार्य कब तक पूरा कर लिया जाएगा. अदालत ने इस कार्य की प्रगति और निर्धारित समयसीमा के संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगी थी. हालांकि, सरकार की ओर से राजस्व सचिव के स्थान पर अवर सचिव ने शपथ पत्र दाखिल किया, जिस पर अदालत ने असंतोष व्यक्त करते हुए इसे गंभीरता से लिया और पुनः राजस्व सचिव को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया.

**1974-75 में शुरू हुआ था सर्वे, आज तक नहीं हुआ पूरा**

मामले में प्रार्थी गोकुल चंद ने जनहित याचिका दायर की है. याचिका में कहा गया है कि झारखंड क्षेत्र में भूमि का अंतिम व्यापक सर्वे वर्ष 1932 में हुआ था. इसके बाद वर्ष 1974-75 में नए भूमि सर्वे की प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन पांच दशक बीत जाने के बाद भी यह कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका. याचिकाकर्ता ने अदालत से आग्रह किया है कि भूमि सर्वे कार्य पूरा करने के लिए सरकार के लिए निश्चित समयसीमा तय की जाए।

# शाही स्नान के बाद 15 दिन एकांतवास में गए भगवान जगन्नाथ, 16 को रथयात्रा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** शहर के बड़कागढ़ धुर्वा में सोमवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का पारंपरिक शाही स्नान श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ. इस दौरान मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा और हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया. बड़कागढ़ मंदिर में मुख्य पुजारी रामेश्वर पाढ़ी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा और मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया. सेवक सुधांशु नाथ शाहदेव सहित अन्य सेवक भी अनुष्ठान में शामिल रहे. पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल, नगाड़े और भेरी की गूंज के बीच तीनों विग्रहों का शाही स्नान कराया गया. जगन्नाथपुर न्यास समिति की ओर से सैकड़ों प्रकार की जड़ी-बूटियों से तैयार पवित्र जल से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का अभिषेक किया गया. इसके अलावा 2000 श्रद्धालुओं के बीच जल का वितरण किए गए.

धार्मिक मान्यता के अनुसार, शाही स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं और 15 दिनों के अनासर (अज्ञातवास) काल में रहेंगे. इस दौरान मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे. अनासर अवधि समाप्त होने के बाद 15 जुलाई को नेत्रदान होगा. 16 जुलाई को ऐतिहासिक रथयात्रा निकाली जाएगी. इसके बाद भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देंगे. बड़कागढ़ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं. बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के अंतिम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. नेत्रोत्सव, श्रृंगार और आरती के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए गए. श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की.

# बुंडू में ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 66 खिलाड़ियों ने दी कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू:** एमबी स्कूल परिसर स्थित एमबी ताइक्वांडो एकेडमी में सोमवार को एक दिवसीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा में कुल 66 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता, अनुशासन एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने नई बेल्ट हासिल करने के लिए पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी। ग्रेडिंग टेस्ट का संचालन एकेडमी के मुख्य कोच मो. जमील अंसारी ने किया। इस दौरान झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी, सहायक कोच जयपाल महतो, खुशी तिर्की एवं मनीषा मुंडा सहित सहयोगी टीम के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमबी स्कूल की प्रधानाचार्या जाहिदा कौसर तथा विशिष्ट अतिथियों में अबु अब्बास अली, झामुमो उपाध्यक्ष जमील अंसारी, विधायक प्रतिनिधि (अल्पसंख्यक) अशरफ अंसारी उर्फ गुल्लू, समाजसेवी कमरुद्दीन जमा, लल्लू भाई, विक्की भाई एवं शहनवाज अंसारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने किक, पंच एवं आत्मरक्षा की प्रभावशाली तकनीकों का प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक प्रतिनिधि अशरफ अंसारी ने कहा कि क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करते रहे हैं और आगे भी उनका सहयोग जारी रहेगा। एकेडमी के खिलाड़ियों ने जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर बुंडू क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्रेडिंग परीक्षा का परिणाम अगले 10 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा। सफल खिलाड़ियों को नई बेल्ट एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शकील अंसारी ने दी।

# इंटर की सीटें बढ़ाने की मांग पर जैक कार्यालय पहुंची एनएसयूआई, 5 जुलाई तक दिया अल्टीमेटम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड के सरकारी व अल्पसंख्यक इंटरमीडिएट महाविद्यालयों में 11वीं और 12वीं की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल झारखंड अधिविद्य परिषद कार्यालय पहुंचे. प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन पर हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी. ठरवकने बताया कि 22 जून को खअउ अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर इंटरमीडिएट की सीटों में तत्काल वृद्धि की मांग की गई थी. इसी मांग की प्रगति जानने के लिए संगठन दोबारा खअउ कार्यालय पहुंचा.इस दौरान खअउ की संयुक्त सचिव दीप्ति कुमारी के साथ ठरवक कार्यकताओं की तीखी नोकझोंक भी हुई. संगठन का आरोप है कि हर वर्ष सीटों की कमी के कारण हजारों योग्य छात्र-छात्राएं नामांकन से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनके भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है. ठरवकनेताओं ने यह भी सवाल उठाया कि पहले दिए गए ज्ञापन पर अब तक कोई ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया.वार्ता के दौरान संयुक्त सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को 5 जुलाई को फिर से बुलाया और आश्वासन दिया कि उस दिन इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय से अवगत कराया जाएगा. ठरवकका कहना है कि डिग्री कॉलेजों से इंटरमीडिएट की पढ़ाई समाप्त होने के बाद सरकारी व अल्पसंख्यक इंटर कॉलेजों पर नामांकन का दबाव काफी बढ़ गया है, जबकि सीटों की संख्या में आवश्यक वृद्धि नहीं की गई है.

# झारखंड के कई जिलों में बारिश के आसार, 1 जुलाई तक गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट, गर्मी से राहत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा. रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार, आज 29 जून को राज्य के अधिकांश हिस्सों में आसमान में बादल छाए रहेंगे. कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना है. अगले कुछ दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है.

**29 जून को कैसा रहेगा मौसम**

मौसम केंद्र के मुताबिक, राज्य के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. मध्य झारखंड के रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद के अलावा दक्षिणी झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां तथा उत्तर-पूर्वी झारखंड के देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में भी बारिश और मेघ गर्जन की संभावना जताई गई है.

**30 जून और 1 जुलाई का पूवार्नुमान**

मौसम केंद्र के मुताबिक, 30 जून और 1 जुलाई को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे. इस दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और मेघ गर्जन होने की संभावना बनी रहेगी. 30 जून को राज्य में कहीं-कहीं गरज-चमक और वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. वहीं उत्तर-पूर्वी और मध्य झारखंड के कुछ हिस्सों, खासकर बोकारो और धनबाद में भारी बारिश की भी संभावना है. 1 जुलाई को भी गरज-चमक और तेज हवा का दौर जारी रहने का अनुमान है. इसके साथ ही पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रांची, बोकारो, खूंटी, रामगढ़ और धनबाद सहित दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी और मध्य झारखंड के कुछ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है.

**मौसम केंद्र का अलर्ट**

मौसम केंद्र ने 29 जून के लिए पलामू, गढ़वा, लातेहार और लोहरदगा जिलों में गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है. इसके अलावा 30 जून और 1 जुलाई को भी राज्य के कई हिस्सों में वज्रपात, तेज हवाओं और कुछ जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों में जाने से बचने और मौसम विभाग की सलाह का पालन करने की अपील की गई है. झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला.

# बुंडू नगर पंचायत में सेवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू:** नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NSKFDC) द्वारा NAMASTE Scheme के तहत Workshop on Hazardous Cleaning of Sewer and Septic Tank in Jharkhand विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत बुंडू के सभागार कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, सुरक्षित कार्य पद्धतियों तथा दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले आवश्यक उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत बुंडू के माननीय अध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत कार्यालय के सभी कर्मी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को कार्यस्थल पर व्यवहारिक रूप से अपनाने का आह्वान किया। कार्यशाला के माध्यम से सफाई कर्मचारियों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

# एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी पर विवाद, शिक्षक संघ ने कहा- गैर शैक्षणिक कार्य से बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** झारखंड में 30 जून से शुरू होने जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण रिवीजन (एसआईआर) अभियान को लेकर शिक्षक संगठनों ने सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं. अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे. इस कार्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, जिसका झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने विरोध किया है. संघ का कहना है कि पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे सरकारी स्कूलों में इस फैसले से पठन-पाठन बुरी तरह प्रभावित होगा.

**एसआईआर में शिक्षकों की ड्यूटी पर क्यों हो रहा विवाद**

झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए. संघ का कहना है कि शिक्षकों का मूल दायित्व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, लेकिन लगातार चुनाव, जनगणना, मतदाता पुनरीक्षण और अन्य प्रशासनिक कार्यों में उनकी ड्यूटी लगाए जाने से विद्यालयों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है. इसका सीधा असर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और परीक्षा परिणाम पर पड़ रहा है. संघ के प्रदेश महासचिव गंगा प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य में पहले ही शिक्षकों की भारी कमी है. इसके बावजूद शिक्षकों को जनगणना और अब एसआईआर जैसे कार्यों में लगाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि विशेष रूप से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को चुनावी कार्य में लगाए जाने से दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी. जब परीक्षा परिणाम खराब आते हैं तो शिक्षा विभाग शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करता है, जबकि वास्तविकता यह है कि शिक्षकों का काफी समय गैर शैक्षणिक कार्यों में चला जाता है.

**30 जून से शुरू होगा एसआईआर**

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि 30 जून से शुरू होने वाले एसआईआर अभियान में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाए. उनका कहना है कि यदि शिक्षकों को लगातार ऐसे कार्यों में लगाया जाएगा तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा. जिला सचिव संजय यादव ने भी कहा कि शिक्षकों से लगातार गैर शैक्षणिक कार्य कराए जा रहे हैं. जनगणना का कार्य अभी पूरी तरह समाप्त भी नहीं हुआ है और अब मतदाता पुनरीक्षण अभियान की जिम्मेदारी भी शिक्षकों पर डाली जा रही है. इससे विद्यालयों में नियमित कक्षाएं प्रभावित होंगी और विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ेगा. इधर, चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है.

# बुंडू नगर पंचायत में चला नशा मुक्ति अभियान, रैली और शपथ के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू।** नगर पंचायत बुंडू में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नशे के खिलाफ संदेश दिए गए। उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों, उससे बचाव के उपायों तथा नशा मुक्ति के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही संवाद सत्र का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। नागरिकों ने इस पहल को समाजहित में महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की। आयोजकों ने कहा कि नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पंचायत बुंडू के अध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, कार्यालय कर्मी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर पलाशगाछी में 7 लोगों को बंधक बनाकर रखने की सूचना पर पहुंची पुलिस पर हमला, वाहन क्षतिग्रस्त,20 नामजद एवं 50 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**उत्तर पलाशगाछी में सात लोगों को बंधक को छुड़ाने पहुंचे पुलिस पर हमला,20 नामजद और 50 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज**




**उधवा/साहिबगंज** ।साहिबगंज जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत अजुल टोला गांव में रविवार को बीते रात रुपया लेन-देन के मामले में सात लोगों को बंधक बनाकर रखने की सूचना पर पहुंचे पुलिस के साथ ग्रामीणों ने हाथापाई कर पत्थरबाजी कर पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर पुलिस पर हमला की सूचना मिलने पर एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन,तालझारी,राजमहल व तीन पहाड़ थाना पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर कथित बंधक बनाएं लोगों को मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार पश्चिमी प्राणपुर के एक युवक जो मुम्बई में नारियल का करोबार में अजुल टोला गांव के फरजुल शेख के पास बकाया रुपया मांगने के लिए रात में पहुंचे थे।इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बकझक होने के बाद प्राणपुर से पहुंचे सात लोगों को अजुल टोला में बंधक बनाकर रखा था।बंधक बनाकर रखें पीड़ित लोगों के परिजनों ने राधानगर थाना में शिकायत कर बंकध बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया था।रात करीब 12 बजे राधानगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और बंधक बनाकर रखें लोगों को मुक्त कराने का प्रयास किया।इसी के विरोध बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थरबाजी तथा हमला कर दिया। हालांकि देर रात पुलिस ने सभी को मुक्त कराकर थाना लाया।
इस संबंध में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस पर हमला करने, पुलिस के सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने एवं सरकारी काम में बधा डालने को लेकर राधानगर थाना कांड संख्या 229/26 धारा 191(2)/191(3)/127(2)/115(2)/117(2)/109(2)/132/324(2)/308(3)/352 बीएनएस के तहत फरजुल शेख समेत अन्य 20 नामजद एवं 40झ50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर छानबीन में जुटी है।

## पंचायत सचिवालय बरहेट बाजार में नारी अदालत की बैठक आयोजित, महिलाओं को अधिकारों एवं सशक्तिकरण की दी गई जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**साहिबगंज** ।बरहेट बाजार में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, साहेबगंज सह केन्द्र प्रशासक, सखी वन स्टॉप सेंटर, साहेबगंज पूनम कुमारी की अध्यक्षता में नारी अदालत की बैठक आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदया ने नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है तथा समाज में समान अवसर एवं सम्मान प्राप्त करने के लिए आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनना चाहिए। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, भेदभाव या अन्य समस्याओं की स्थिति में नारी अदालत में अपने समस्या का समाधान करने एवं महिला हेल्प लाइन नंबर 181 को सूचना देकर सहायता प्राप्त करें।बैठक में उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, सरकारी योजनाओं तथा सामाजिक सहभागिता के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, आत्मविश्वासी एवं न्याय प्राप्ति के प्रति प्रेरित करना था।इस कार्यक्रम में बरहेट बाजार मुखिया महिला पर्यवेक्षिका वार्ड सदस्य संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देख रेख साहेबगंज, कार्यक्रम अधिकारी 33, चाइल्ड हेल्प लाइन साहेबगंज के परियोजना समन्वयक एवं अन्य गणमान्य महिला उपस्थित रहे। नारी अदालत का प्रत्येक महीने में दो बार बैठक करना है एवं अपने पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना है। ताकि आम महिलाओं को जागरूक किया जाए।साथ ही बाल मित्र पुलिस पदाधिकारी रांगा एवं थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात कर बच्चों से संबंधित सभी प्रकार के कानूनी जानकारी दी गई।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के साथ बैठक आयोजित




**साहिबगंज** ।जिला जनसंपर्क कार्यालय, साहिबगंज के सभागार में सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता को लेकर जिले के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साहिबगंज संजय कुमार दास ने की।बैठक में 30 जून 2026 से प्रारंभ होने वाले इन्यूमरेशन (गणना) चरण की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस चरण के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा मतदाताओं से नियमानुसार भरे हुए प्रपत्र प्राप्त करेंगे। इस संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से सही एवं प्रमाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाने में सभी कंटेंट क्रिएटर्स एवं डिजिटल इंफ्लुएंसर्स से सक्रिय सहयोग की अपील की गई।बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड द्वारा जारी निदेर्शों से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा फर्जी खबर का प्रचार-प्रसार नहीं करने तथा केवल निर्वाचन आयोग एवं जिला प्रशासन के आधिकारिक स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं को ही साझा करने का आग्रह किया गया।बैठक में सभी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स से अभियान को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने, निर्वाचन आयोग के आधिकारिक संदेशों, जागरूकता वीडियो, पोस्टर एवं अन्य सामग्री का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया गया।इस अवसर पर जानकारी दी गई कि 30 जून को पूर्वाह्न 11:00 बजे से जिलेभर में विशेष सोशल मीडिया जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 से संबंधित सही जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाएगी तथा अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## टाटा आर्चरी अकादमी के तीन खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



पूर्वी सिंहभूम। टाटा स्टील की टाटा आर्चरी अकादमी (टीएए) के लिए सोमवार को गर्व का क्षण रहा, जब अकादमी के तीन प्रतिभाशाली तीरंदाजों का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया। गोल्डी मिश्रा, आदित्य वाधवा और के युक्ता श्री अब देश की ओर से एशिया की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।टाटा आर्चरी अकादमी लंबे समय से देश की अग्रणी तीरंदाजी प्रशिक्षण संस्थाओं में शामिल रही है और लगातार ऐसे खिलाड़ियों को तैयार कर रही है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीन खिलाड़ियों का एक साथ भारतीय टीम में चयन अकादमी की मजबूत प्रशिक्षण व्यवस्था और खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम माना जा रहा है।गोल्डी मिश्रा और आदित्य वाधवा को एशिया कप स्टेज-2, एशिया कप स्टेज-3 और एशियन यूथ आर्चरी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। दोनों खिलाड़ी इराक, चीन और दुबई में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।वहीं, के युक्ता श्री को एशिया कप स्टेज-2 और स्टेज-3 के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। युक्ता ने इससे पहले भी चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता का परिचय दिया था और एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाकर राष्ट्रीय टीम में स्थान बनाया है।

# आरपीएफ बरहरवा व सीआईबी मालदा की संयुक्त कार्रवाई में मोबाइल चोर गिरफ्तार, तीन चोरी के मोबाइल बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ बरहरवा एवं सीआईबी मालदा की संयुक्त टीम ने रविवार देर रात छापेमारी अभियान चलाकर एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से यात्रियों से चोरी किए गए तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। जानकारी के अनुसार, रात करीब 1:00 बजे आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में सीआईबी मालदा एवं आरपीएफ बरहरवा की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जांच एवं छापेमारी अभियान चला रही थी। टीम में उपनिरीक्षक नंदन कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल स्वपन कुमार घोष, हेड कांस्टेबल नूपुर बरन और सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार हांसदा शामिल थे।रात लगभग 1:24 बजे ट्रेन संख्या 63075 रामपुरहाट-बरहरवा पैसेंजर के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर पहुंचने के दौरान एफओबी रैंप के नीचे एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पूछताछ एवं तलाशी लेने पर उसकी कमर से छिपाकर रखे गए तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए। इसके अलावा उसके पास एक रेडमी-8 मोबाइल भी मिला, जिसे उसने अपना निजी फोन बताया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान आसिक शेख (26 वर्ष), पिता केताब शेख, निवासी मियापाड़ा, खालतीपुर, थाना कालियाचक, जिला मालदा (पश्चिम बंगाल) के रूप में बताई। उसने स्वीकार किया कि बरामद तीन मोबाइलों में से दो ट्रेन संख्या 13148 उत्तरबंगा एक्सप्रेस तथा एक ट्रेन संख्या 63075 रामपुरहाट-बरहरवा पैसेंजर में यात्रियों से चोरी किए थे। आरोपी ने यह भी कबूल किया कि वह आदतन ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी कर उन्हें बेचकर अवैध आर्थिक लाभ कमाता है। कड़ी पूछताछ में यह भी सामने आया कि उसके खिलाफ थाना कालियाचक में चोरी एवं डकैती समेत दो - तीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद तीनों मोबाइल फोन एवं लिखित शिकायत के साथ अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी बरहरवा को सौंप दिया गया।

## कोटालपोखर भाजपा मंडल अध्यक्ष की पहल लाई रंग, सामुदायिक विवाह भवन एवं सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार की दिशा में बढ़े कदम

**बरहरवा/साहिबगंज।**



कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष विकास कुमार भगत की मांग पर प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए, सामुदायिक विवाह भवन एवं हाई स्कूल स्थित कुआं जीर्णोद्धार की मांग को लेकर दिए गए आवेदन के बाद प्रखंड के कनीय अभियंता मोहम्मद आरिफ शमसी एवं पंचायत सचिव सुधीर कुमार ने स्थल पर पहुंचकर भवन का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। मंडल अध्यक्ष विकास कुमार भगत ने बताया कि कोटाल पोखर पंचायत भवन परिसर स्थित सामुदायिक विवाह भवन लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। भवन की छत, दीवारें और अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बड़ा सोनाकड़ के हाई स्कूल चौधरी मस्जिद स्थित काफी पुराना कुआं है जो हजारों लोगों का प्यास बुझाता है। जिसके जीर्णोद्धार को लेकर बीडीओ को आवेदन दिया गया था। उक्त दोनों समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मांग को गंभीरतापूर्वक लिया है। उसी आलोक में कनीय अभियंता मोहम्मद आरिफ शमसी एवं बड़ा सोनाकर पंचायत सेवक सुधीर कुमार ने मौके पर पहुंचकर भवन की तकनीकी जांच की। निरीक्षण के दौरान भवन की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया तथा आवश्यक मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई। मंडल अध्यक्ष विकास कुमार भगत ने कहा कि प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिससे सामुदायिक विवाह भवन का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भवन के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वर्षों से उपेक्षित पड़े सामुदायिक विवाह भवन को जल्द नया स्वरूप मिलेगा और यह भवन फिर से लोगों के उपयोग में आ सकेगा। इस दौरान कोटालपोखर पंचायत समिति सदस्य रंजीत साह, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक साह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव सिंह, शंकर माली, उत्तम साह, शमीम मंसूरी सहित कई ग्रामीण उपस्थिति रहे।

# इंडेन गैस एजेंसी पर ई केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली,सिलेंडर देने से इंकार एवं धमकी देने का गंभीर आरोप, शिकायत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**उधवा/साहिबगंज** ।उधवा प्रखंड क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज पंचायत में संचालित इंडेन गैस एजेंसी पर ई केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली, गैस सिलेंडर देने से इंकार तथा उपभोक्ता को धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में उत्तर बेगमगंज निवासी शिवशंकर मंडल ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, साहेबगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराया है।शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने शनिवार को घरेलू गैस सिलेंडर बुक कराया था। गैस लेने के लिए गोबरगाड़ी स्थित इंडेन गैस गोदाम पहुंचे, जहां एजेंसी के कर्मचारियों ने कथित रूप से ई केवाईसी कराने के नाम पर 200 रुपये जमा करने तथा नया रेगुलेटर पाइप खरीदने की बात कही। जब उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि ई केवाईसी की कोई निर्धारित फीस नहीं होती और फिलहाल पाइप की आवश्यकता भी नहीं है, तो उन्हें अगले दिन आने को कहा गया।आरोप है कि दूसरे दिन रविवार की सुबह दोबारा गोदाम पहुंचने पर गैस एजेंसी के संचालक चैतन्य मंडल ने उन्हें गैस सिलेंडर देने से साफ इंकार कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें यह भी कहा गया कि जहां शिकायत करनी है कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। ज्यादा बोलोगे तो गैस कनेक्शन काट देंगे या ब्लॉक कर देंगे। शिकायतकर्ता शिवशंकर मंडल ने यह भी आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा नियमित होम डिलीवरी नहीं की जाती तथा उनके नाम से आवंटित गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की जाती है।पीड़ित उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, जिला खाद्य एवं आपूर्ति पदाधिकारी, उपायुक्त साहेबगंज तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक, रांची को भी भेजी गई है। हालांकि, इस मामले में गैस एजेंसी संचालक से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

## संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहेब का 629वां प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया, निकली भव्य शोभायात्रा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**साहिबगंज।** संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहेब का 629वां प्रकट दिवस सोमवार को गांधी चौक स्थित कबीर आश्रम के समीप श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में महिला-पुरुष, कबीर पंथ के संत-महात्मा, साधु-साध्वी तथा बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कबीर साहेब के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कबीर साहेब ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन काशी के लहरतारा तालाब में प्रकट हुए थे। मान्यता के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में गुरु रामानंद स्वामी के शिष्य अष्टानंद जी ने लहरतारा तालाब के कमल पुष्प पर दिव्य बालक के रूप में कबीर साहेब का प्राकट्य देखा था। बाद में कबीर साहेब विश्वविख्यात संत और समाज सुधारक के रूप में प्रसिद्ध हुए।संतों ने अपने प्रवचन में कबीर साहेब की साखियों एवं शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए मानवता, प्रेम, सद्भाव और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कबीर पंथ के अनुयायियों ने भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से कबीर साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।शोभायात्रा एवं कार्यक्रम में महंत अरुण साहेब, महंत गोपाल साहेब, महंत रामानंद साहेब, महंत डॉ. विद्यासागर साहेब, महंत विनय साहेब, संत विवेकानंद साहेब, संत अरुण साहेब, संत किशोर साहेब, पूर्व वार्ड पार्षद गोपाल चोखानी, संत सुशील साहेब, संत दिनेश साहेब, संत रामचंद्र साहेब, महंत भोला साहेब, संत देवंती साध्वी, महंत जोगमाया साध्वी, संत गीता साध्वी, संत प्रीत लाल साहेब तथा संत गायत्री साध्वी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## श्रीमती गंगिया दामिन +2 उच्च विद्यालय बिशनपुर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**साहिबगंज** ।बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पतना प्रखंड के अंतर्गत बिशनपुर उच्च विद्यालय में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।यह कार्यक्रम पतना प्रखंड के अंतर्गत बिशनपुर उच्च विद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें बालिकाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।

**आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता का दिया गया संदेश:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित माहौल, बेहतर शिक्षा, उत्तम स्वास्थ्य और मजबूत संरक्षण मिलना उनका मौलिक अधिकार है। उन्होंने समाज के हर नागरिक से अपील की कि वे बच्चों के हितों की रक्षा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में साहस के साथ खड़े होने, आत्मनिर्भर बनने और आत्मरक्षा के कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

**महत्वपूर्ण कानूनों और सरकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी:** इस सत्र के दौरान छात्राओं को गंभीर और संवेदनशील विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप से शामिल थे:

**सुरक्षा और कानून :** गुड टच-बैड टच की समझ, बाल विवाह और बाल श्रम का विरोध, यौन शोषण से बचाव, पोक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम।

**कल्याणकारी योजनाएं:** सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर और दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया।

**सहायता केंद्र :** सखी वन स्टॉप सेंटर और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत संबंधित विभागों तक पहुंचाई जा सके।

**माहवारी स्वच्छता पर भी किया गया जागरूक:** स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ाते हुए बच्चियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया गया और झिझक तोड़कर स्वच्छता अपनाने की सलाह दी गई। इसके साथ ही युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति भी संकल्प दिलाया गया।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद खालिद, गैर-संस्थागत देखरेख की संरक्षण पदाधिकारी चंदा कुमारी, परियोजना समन्वयक चाइल्ड लाइन से मोहम्मद इकबाल, मंथन संस्था के समाजिक कार्यकर्ता आराधना मंडल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# मोतिझरना में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित, लगभग एक टन कचरे का निष्पादन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**पर्यटकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील**

**60 धुआँ रहित उन्नत चूल्हों का किया गया वितरण**





**साहिबगंज** ।वन प्रमंडल द्वारा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मोतिझरना में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। यह अभियान वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग के नेतृत्व में आयोजित किया गया।अभियान के दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों, वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मोतिझरना परिसर की व्यापक साफ-सफाई की। इस दौरान लगभग एक टन प्लास्टिक एवं अन्य ठोस अपशिष्ट एकत्र कर उसका वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन किया गया। अभियान के उपरांत पर्यटन स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य और अधिक स्वच्छ एवं आकर्षक रूप में निखरकर सामने आया।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री प्रबल गर्ग ने पर्यटकों से मोतिझरना की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने आगंतुकों से अनुरोध किया कि परिसर में प्लास्टिक, बोतलें, खाद्य सामग्री के रैपर अथवा अन्य किसी प्रकार का कचरा न फैलाएँ तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यटन को बढ़ावा देने में अपना योगदान दें।स्वच्छता अभियान के उपरांत दरकला एवं मंडई गाँव के आदिवासी परिवारों के बीच 60 धुआँ रहित उन्नत चूल्हों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डीएफओ श्री प्रबल गर्ग ने बताया कि ये उन्नत चूल्हे सामान्य लकड़ी से संचालित होते हैं, किंतु विशेष तकनीक के कारण इनमें अत्यंत कम धुआँ उत्पन्न होता है। इससे महिलाओं एवं परिवार के अन्य सदस्यों को धुएँ से होने वाली श्वास संबंधी एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही ईंधन की दक्षता बढ़ने के कारण लकड़ी की खपत में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में वनपाल श्री राणा रंजीत चौधरी, प्रधान वनरक्षी श्री प्रेम कुमार, श्री पप्पू कुमार, श्री सनी रजक सहित वन विभाग के सभी प्रधान वनरक्षी, वनकर्मी, वन सुरक्षा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।मोतिझरना में संचालित यह विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छ पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में साहिबगंज वन प्रमंडल की एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने सड़क हादसे के पीड़ित परिवार से मिल जताई संवेदना, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

बरहरवा/साहिबगंज ।एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता एवं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने रविवार देर शाम बरहरवा प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत स्थित साहेबडांगा गांव पहुंचकर हाल ही में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले परिवार के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह बरहरवा थाना क्षेत्र के बरारी पंचायत भवन के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों आएशा बीबी, रुली खातून और इस्माइल शेख की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई थी। परिजनों से मुलाकात के दौरान अकिल अख्तर ने कहा कि घटना के समय वे क्षेत्र से बाहर थे, इसलिए तत्काल पीड़ित परिवार तक नहीं पहुंच सके। क्षेत्र लौटते ही उन्होंने परिवार से मिलकर दुख साझा किया और भरोसा दिलाया कि न्याय एवं हरसंभव सहायता के लिए वे हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं मगफिरत के लिए दुआ करते हुए कहा कि अल्लाह तआला मरहूमीन को जन्नतुल फिरदौस में उच्च स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति और सब्र अता फरमाएं। इस अवसर पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, लियाकत अली, मालेक अख्तर, नेश मोहम्मद, सैबान शेख, मुनीर शेख, साहबुल शेख, शाहरुख शेख सहित एआईएमआईएम के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR)-2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**




**मेदिनीनगर (पलामू)** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (Special Intensive Revision-SIR) 2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, समय-सीमा, बीएलओ एवं बीएलए-2 की भूमिका तथा जनसहभागिता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त कर ECINET में प्रविष्टि की जाएगी। 05 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया 04 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने में राजनीतिक दलों और उनके द्वारा नामित बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बीएलए-2 की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीएलए-2, बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को अधिक प्रभावी एवं विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बैठक में बताया गया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान बीएलओ एवं बीएलए-2 के बीच नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। घर-घर भ्रमण के दौरान बीएलए-2 भी बीएलओ के साथ शामिल हो सकेंगे तथा मतदाताओं से संवाद की प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। विशेष रूप से अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान एवं सत्यापन में बीएलए-2 की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। डीसी ने स्पष्ट किया कि एन्यूमरेशन चरण के दौरान मतदाताओं से किसी प्रकार का दस्तावेज एकत्र नहीं किया जाएगा। यदि कोई पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है, तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाना है। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता जागरूकता अभियान में भी सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया। उपायुक्त ने कहा कि 30 जून 2026 से प्रारंभ होने वाले एन्यूमरेशन चरण के दौरान अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया एवं जनजागरूकता गतिविधियों का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित जागरूकता अभियान एवं #खँ१ ॅल्लरिक्फ़ अभियान में सहयोग करने की अपील की। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रशासन, राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों की सहभागिता समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी,समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो रोधी दवा, अभिभावकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील

**झारखंड उजाला,ब्यूरो पलामू**



**मेदिनीनगर (पलामू)** पलामू जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्वयं मेदिनीनगर शहर के हमीदगंज क्षेत्र में घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई तथा अभियान की प्रगति का जायजा लिया।इस अवसर पर सिविल सर्जन,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ विभिन्न घरों का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी और अभिभावकों से बातचीत करते हुए उन्हें पोलियो उन्मूलन अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक देना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि ह्लइस पल्स पोलियो अभियान का उद्देश्य जिले के एक भी बच्चे को इस सुरक्षा कवच से वंचित नहीं रहने देना है। सभी अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि उनके पांच वर्ष तक की आयु के बच्चे पोलियो रोधी दवा की खुराक अवश्य ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिला रही हैं। ऐसे में अभिभावक टीमों का सहयोग करें तथा यदि किसी कारणवश कोई बच्चा दवा पीने से छूट गया हो तो इसकी जानकारी तत्काल संबंधित स्वास्थ्यकर्मी को दें। ज्ञातव्य है कि दिनांक 28 जून 2026 को जिले में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया था। अभियान के तहत जिले में 3 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिन रविवार को जिले के 1600 से अधिक पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई थी। वहीं दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाने का कार्य कर रही हैं।

# कृषि जैव विविधता संरक्षण पर कार्यशाला, 300 जनजातीय किसानों को उन्नत धान बीज व कृषि सामग्री वितरित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**वैज्ञानिकों ने स्थानीय बीजों के संरक्षण और आधुनिक खेती अपनाने पर दिया जोर**



**लोहरदगा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र रांची एवं कृषि विज्ञान केंद्र, लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय उपयोजना के अंतर्गत कृषि जैव विविधता संरक्षण एवं कृषि सामग्री वितरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मोनू कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह पंवार तथा कृषि विज्ञान केंद्र की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. किरण सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला उद्यान पदाधिकारी सौरभ लोहानी अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का पारंपरिक आदिवासी गमछा ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. मोनू कुमार ने कहा कि कृषि जैव विविधता का संरक्षण समय की आवश्यकता है। स्थानीय धान एवं अन्य पारंपरिक फसल किस्में हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित रखते हुए वैज्ञानिक तकनीकों के साथ खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। वहीं डॉ. नरेंद्र सिंह पंवार ने गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन, बीज संरक्षण तथा उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. किरण सिंह ने किसानों को क्षेत्र विशेष के अनुरूप फसल प्रबंधन, उन्नत उत्पादन तकनीक तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धति अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान बताए। कार्यक्रम के दौरान 300 जनजातीय किसानों के बीच उन्नत धान बीज, स्प्रे मशीन तथा अनाज भंडारण पात्र का वितरण किया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि उन्नत बीजों के उपयोग एवं वैज्ञानिक खेती से उत्पादन बढ़ाने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। किसानों ने कृषि जैव विविधता संरक्षण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. देवकांत, डॉ. धर्मा उरांव, मुकेश कुमार, कौशिक चटर्जी, पंकज सिंह ओम प्रकाश साहू, रिजवान अंसारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में जनजातीय किसान उपस्थित रहे।

# करणपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में हुल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**



**बड़कागांव/हजारीबाग:** करणपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार हॉल में मंगलवार को इतिहास विभाग द्वारा हुल दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर ज्योति जलधर रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कीर्ति नाथ महतो ने की। मुख्य अतिथि प्रो. ज्योति जलधर ने कहा कि संथाल हुल 1855-56 में झारखंड के दामिन-ए-कोह क्षेत्र में हुआ था। इसका नेतृत्व वीर सिद्धू-कान्हू, चांद और भैरव ने किया। संथालों ने ब्रिटिश अधिकारियों, जमींदारों और दिकुओं के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने स्वतंत्रता की घोषणा की, लगान देने से इनकार किया और ह्यकरो या मरो, अंग्रेज हमारी धरती छोड़ोह्ण का नारा दिया। प्राचार्य डॉ. कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि हुल दिवस का मुख्य उद्देश्य दमनकारी जमींदारी व्यवस्था को समाप्त करना तथा अंग्रेजों एवं स्थानीय जमींदारों द्वारा किए जा रहे शोषण से मुक्ति प्राप्त करना था। संगोष्ठी का संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि यह विद्रोह ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की दमनकारी नीतियों, जमींदारों और साहूकारों द्वारा संथाल आदिवासियों के आर्थिक शोषण के खिलाफ था। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भी हुल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित:**

डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. नरेश कुमार दांगी, प्रो. फजरूद्दीन अहमद, डॉ. अनु कुमारी, डॉ. रंजीत प्रसाद, प्रो. ऋतुराज दास, डॉ. पवन कुमार, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, नेमधारी, अनिता कुमारी, धनेश्वर महतो, कैलाश कुमार महतो, रोहित कुमार, सुनील महतो, मनीषा कुमारी, मधु कुमारी, नीतू कुमारी, कशु कुमारी, पूनम कुमारी, अनिशा कुमारी, उर्मिला कुमारी सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## धनबाद सहित पूरे झारखंड में खुशी की लहर, हाजी अफसर कुरैशी ने कहा, कुनैन की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**लोहरदगा:** धनबाद सहित झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व की बड़ी खबर सामने आई है। धनबाद जिले के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर कुनैन कुरैशी का चयन अंडर-25 इमर्जिंग मेंस क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे धनबाद, झारखंड और धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) में खुशी का माहौल है। कुनैन कुरैशी ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई है। उनका चयन इस बात का प्रमाण है कि लगन और समर्पण के बल पर कोई भी खिलाड़ी बड़ी मंजिल हासिल कर सकता है। चयन की सूचना मिलते ही खेल प्रेमियों, क्रिकेट जगत और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ देना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर भी उनके लिए शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने विश्वास जताया है कि कुनैन आगामी मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर धनबाद, झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे। उनकी सफलता जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर कुरैश कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जमैतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कुनैन कुरैशी को बधाई देते हुए कहा कि कुनैन कुरैशी ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाकर पूरे समाज, धनबाद और झारखंड का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता निश्चित मिलती है। मुझे विश्वास है कि कुनैन आने वाले मैचों में भी शानदार प्रदर्शन कर देश और राज्य का नाम रोशन करेंगे। पूरे कुरैश समाज की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएँ।

## वज्रपात से किसान की गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**लोहरदगा:** सोमवार दोपहर अचानक हुई तेज बारिश और वज्रपात ने कुडू प्रखंड की सलगी पंचायत के रोचो महुआ टोली निवासी सुखराम उरांव को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचाया। वज्रपात की चपेट में आने से उनकी गाय की मौके पर ही मौत हो गई।सुखराम उरांव ने बताया कि उन्होंने अपनी गाय को खेत में घास चरने के लिए रस्सी से बांध रखा था। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज वज्रपात होने से गाय उसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद गाय ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। गाय की मौत से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। पशुधन की क्षति से परिवार को आर्थिक झटका लगा है, क्योंकि गाय उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन थी। पीड़ित ने प्रशासन से सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि हुए आर्थिक नुकसान की कुछ भरपाई हो सके।

## शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूर्ण, कलश यात्रा कल

**हुसैनाबाद (पलामू) :** स्थानीय नहर मोड़ स्थित श्री चारधाम मन्दिर परिसर में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी पूर्ण हो गया है। इसे लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए चारधाम मन्दिर व महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह महायज्ञ का अनुष्ठान भगवान शिव जी मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित की गई है। इसका समापन रविवार को पूजा हवन व भव्य भंडारा का साथ होगा। इस अनुष्ठान को सफल बनाने को लेकर समिति व अन्य लोग सक्रियता से जुटे हुए हैं।

## साइबर अपराधी ने सेना का अफसर बन डॉक्टर के खाते से 2.99 लाख उड़ाये

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



रांची। साइबर अपराधियों ने सेना का अफसर बनकर डॉक्टर हुमायूं के खाते से 2.99 लाख रुपये उड़ा लिया। खाते से पैसा निकालने के बाद दूसरे दिन सुबह साइबर अपराधियों ने पैसा वापस करने का फर्जी मैसेज भेजा। फोन कर अपनी गलती के लिए माफी मांगी। डॉक्टर हुमायूं अहमद ने वेबसाइट पर अपना फ्लैट किराये पर देने का विज्ञापन दिया। विज्ञापन के आधार पर आशीष कुमार पहाड़ी नाम के व्यक्ति ने उनका फ्लैट किराये पर लेने की इच्छा जतायी। खुद को सेना का अधिकारी बताया। अपनी बात को सही साबित करने के लिए उसने अपने नाम का आधार, पैन और सेना का पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेज डॉक्टर के वाट्सएप पर भेजा।उन्हें अपने विश्वास में लेने के बाद उसने मकान किराया में लेने के लिए सेना के उच्चाधिकारियों से अनुमति के लिए डॉक्टर और उनकी पत्नी का आधार कार्ड मांगा। किराये के भुगतान के लिए बैंक खाते का ब्योरा मांगा। इसके बाद बैंक का फर्जी एप्लिकेशन भेज कर उसे डाउनलोड करने को कहा ताकि अग्रिम का भुगतान किया जा सके। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान साइबर अपराधियों ने 9232766139, 8769677293, 8375075847 और 7357940260 फोन नंबरों का इस्तेमाल किया।साइबर अपराधियों के झांसे में आकर डॉक्टर ने आधार, बैंक का ब्योर दे दिया। साथ ही साइबर अपराधियों की ओर से भेजे गये बैंक के फर्जी बैक एप्लिकेशन को डाउनलोड कर लिया। इसके बाद देर रात उनके खाते से 2.99 लाख रुपये की निकासी का मैसेज आया। पैसा निकालने के बाद सुबह साइबर अपराधी ने फिर फोन किया और अपनी गलती मानी।डॉक्टर को अच्छा आदमी बताते हुए उनका

## बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने ली बिजली विभाग की समीक्षा बैठक, निर्बाध आपूर्ति का दिया निर्देश



**बड़कागांव/हजारीबाग:** बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को लेकर सोमवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, जर्जर तारों एवं अन्य तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी तकनीकी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आम उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने पर भी विशेष जोर दिया।

**पावर ग्रिड का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश**

बैठक में बड़कागांव में निमार्णाधीन पावर ग्रिड की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विधायक चौधरी ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द से जल्द पूर्ण कर चालू करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्र की वर्षों पुरानी बिजली समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रिड चालू होने से किसानों, छात्रों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर विद्युत सुविधा मिलेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी निदेर्शों का गंभीरता से पालन किया जाएगा तथा शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर क्षेत्र में बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**बैठक में ये रहे मौजूद:** आजसू केंद्रीय सचिव सह मुखिया अनिकेत नायक, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कामेश्वर महतो, भोला महतो, तुलेश्वर महतो, महेंद्र महतो, कालेश्वर महतो, उपेंद्र कुमार, धनेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो, जगदेव महतो, चंद्रनाथ महतो, रूदन महतो, धर्मनाथ महतो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गर्री खुर्द-पीपल चौक सड़क निर्माण में हंगामा, मुखिया प्रतिनिधि पर गिट्टी मांगने व दुर्व्यवहार का आरोप



**केरेडारी/हजारीबाग:** ग्राम गर्री खुर्द से पीपल चौक बारियातु तक चल रहे कालीकरण सड़क निर्माण कार्य के दौरान विवाद सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उप मुखिया प्रतिनिधि लोकेश्वर साव के वार्ता करते हुए संवेदक से दो हाईवा गिट्टी की मांग जाने की सूचना ।ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले भी क्षेत्र में हुए सभी निर्माण कार्यों में संवेदक से इसी तरह की डिमांड की जाती रही है। इसको लेकर केरेडारी थाना में पूर्व में कई मामले भी दर्ज हो चुके हैं। बताया गया कि मुखिया प्रतिनिधि के कुछ समर्थकों को कार्य में रखा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन लोगों ने भी ग्रामीणों एवं ग्रामीणों का सहयोग कर रहे विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार के साथ दो बार कहासुनी की। पहली घटना कार्य स्थल पर हुई, जबकि दूसरी घटना कालीकरण वाले दिन रात करीब 11:30 बजे मंदिर के समीप हुई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों ही मौकों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से ही विवाद सुलझाया गया। नहीं मानने पर अंत में ग्रामीणों ने एकजुट होकर पुरजोर विरोध जताया और ऐसे लोगों को कार्य स्थल पर नहीं रहने देने का निर्णय लिया। ग्रामीण एवं जागेश्वर जी ने जो इंजीनियर के साथ बात किया अतः एस्टीमेट में जो लिखा हुआ है उसके अनुसार कार्य हो और हो भी रहा है संवेदक को भी इसके लिए जागेश्वर जी एवं पूरे ग्रामीण धन्यवाद दिए और आगे भी कार्य करने के बाद आभार व्यक्त जताएंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कोई किसी प्रकार का डिमांड करता है तो आप ग्रामीणों के समक्ष या जागेश्वर जी के समक्ष बात को गोपनीय रखे। हम लोग को किसी प्रकार का कोई डिमांड नहीं है आपसे पूरा ग्रामीण संतुष्ट है ग्रामीण के अनुसार कार्य कर रहे हैं और आगे भी कीजिएगा। इसके लिए धन्यवाद।ग्रामीणों ने प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने एवं विवाद करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय फोटो सेशन और प्रचार की राजनीति कर रही : प्रतुल



रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से 1000 सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय फोटो सेशन और प्रचार की राजनीति कर रही है।प्रतुल ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार जिस 1000 नियुक्तियों का उत्सव मना रही है, वह वस्तुतः 50,000 रिक्त शिक्षक पदों का मात्र 02 प्रतिशत है। अर्थात 98 प्रतिशत पद आज भी खाली।प्रतुल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं, केवल प्रचार है। आज भी राज्य के हजारों सरकारी विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं, क्योंकि प्रधानाचार्यों के हजारों पद रिक्त हैं। नियमित प्रधानाचार्य की नियुक्ति वर्षों से लंबित है और पूरा शिक्षा तंत्र अस्थायी व्यवस्था पर टिका हुआ है।उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार शिक्षकों की भारी कमी दूर नहीं कर पा रही है, दूसरी ओर उपलब्ध शिक्षकों को भी गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता रहा है। जब शिक्षक चुनावी और प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे तो बच्चों को पढ़ाएगा कौन।उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षक - छात्र का अनुपात भी बहुत दयनीय स्थिति पर है, जहां राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी स्कूलों में प्रत्येक 24 बच्चों पर एक शिक्षक है। वहीं झारखंड में यह संख्या 34 प्रतिशत बढ़कर 36 छात्रों पर एक शिक्षक की हो जाती है।प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज्य के प्रत्येक बच्चे के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार के लिए संघर्ष करती रहेगी। झारखंड के बच्चों को प्रचार नहीं, पूर्ण शिक्षक, नियमित प्रधानाचार्य और मजबूत शिक्षा व्यवस्था चाहिए। यही राज्य के उज्ज्वल भविष्य की वास्तविक गारंटी है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ्र) 2026 के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सफल एवं पारदर्शी संचालन को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त श्री अरविन्द कुमार लाल की अध्यक्षता में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

**समय पर गणना प्रपत्र भरने की अपील**

उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाता निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना गणना प्रपत्र (Enumeration For) अवश्य भरें, ताकि प्रारूप मतदाता सूची-2026 में उनका नाम दर्ज हो सके तथा मतदाता सूची में उनका नाम बना रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई मतदाता स्वयं हस्ताक्षर करने में सक्षम नहीं है, तो परिवार का कोई सदस्य भी उनकी ओर से गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है।

**निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमसम्मत**

बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमसम्मत है। आम नागरिकों तथा राजनीतिक दलों को संविधान एवं निर्वाचन प्रक्रिया पर पूर्ण विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं छूटेगा।

**राजनीतिक दलों से सहयोग का आह्वान**

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने कार्यकताओं एवं समर्थकों के माध्यम से मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के प्रति जागरूक करने तथा अधिक से अधिक लोगों से गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बन सके।

**दस्तावेजों के संबंध में दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

बैठक में बताया गया कि यदि किसी मतदाता का नाम पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की मतदाता सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। पूर्व रक्फ्र की मतदाता सूची में दर्ज विवरण उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए अभिभावक प्रमाण के रूप में भी मान्य होगा।वहीं, जिन मतदाताओं अथवा उनके माता-पिता का नाम पूर्व रक्फ्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक की स्व- अभिप्रमाणित प्रति गणना प्रपत्र के साथ जमा करनी होगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि केवल आधार कार्ड की प्रति पर्याप्त नहीं होगी। आधार के साथ निर्धारित 11 दस्तावेजों में से किसी एक की स्व- अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।बैठक में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों भी उपस्थित रहे।

## शहरपुरा शिव मंदिर के पूर्व अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**सिंदरी/ धनबाद।** सोमवार को शहरपुरा शिव मंदिर के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाज सेवी प्रभुनाथ सिंह की दसवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। प्रभु धाम सिंदरी में उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक ,सामाजिक कार्यकर्ता ,बुद्धिजीवी एवं क्षेत्र के व्यवसायी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र दिनेश सिंह ने पिता बाबू प्रभुनाथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमनअर्पित किए। वहीं अनुज कामेश्वर सिंह सहित अन्य उपस्थित लोगों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबू प्रभु नाथ सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल मार्गदर्शक, समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज सेवा ,धार्मिक गतिविधियों तथा जन कल्याण के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रद्धांजलि सभा में दिनेश सिंह कामेश्वर सिंह, सुरेश प्रसाद ,मणि भूषण सिंह ,रासबिहारी सिंह, सोनू गिरी,बृजेश सिंह ,सुरेश सिंह ,विदेशी सिंह, सत्यदेव सिंह अजय सिंह मिथिलेश सिंह , बास्की सिंह ,55 नंबर वार्ड पार्षद साहिब राम हेंब्रम, राजू पांडेय, अजय सिंह ,रंजीत कुमार ,राहुल कुमार,ओमप्रकाश सिंह सहित कई उपस्थित थें।

## बलियापुर पुलिस ने चार अपराधियों को दबोचा ,चोरी व छिनतई के सामान बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बलियापुर /धनबाद।** धनबाद के बलियापुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेलगडिया फेज -2 स्थित पानी टंकी के पीछे झाड़ियों में छापेमारी कर चोरी के समान का बंटवारा कर रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमित कुमार निषाद, शाहबाज अंसारी उर्फ छोटू, रोहित कुमार रजक और रवि बाउरी के रूप में हुई है। पुछताछ में आरोपियों ने विभिन्न स्थानों पर मोबाइल, चैन ,लैपटॉप समेत अन्य सामान की चोरी व छिनतई की घटनाओं से संलिप्त होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उनके पास से आठ स्मार्टफोन ,सोने जैसे पीले धातु के आभूषण ,दो होंडा साइन मोटरसाइकिल बरामद की है। साथ ही एक्साइड 200 ए एच बैटरी, माइक्रोटेक इन्वर्टर और एक मंगलसूत्र की बरामदगी की की गई है। मामले में बलियापुर थाना कांड संख्या110/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता,2023 कि संबंधित धाराओं में प्राथमिक दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मानवीय पहला: पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



**पाकुड़ :** एआईएमआईएम पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने रविवार देर शाम बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मिजार्पुर पंचायत अंतर्गत साहेबडांगा गांव पहुंचकर सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले परिवार के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

दरअसल बीते सप्ताह बरहरवा थाना क्षेत्र के बरारी पंचायत भवन के पास एक अनियंत्रित ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्य आएशा बीबी, रुली खातून और इस्माइल शेख की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया था।पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने बताया कि दुर्घटना के समय वे क्षेत्र से बाहर थे, इसलिए घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार से नहीं मिल सके। क्षेत्र लौटने के बाद उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे हरसंभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़े हैं।पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने दिवंगत आत्माओं की मगफिरत के लिए की दुआ:मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने शोकाकुल परिवार को हिम्मत बंधाई और दिवंगत आत्माओं की मगफिरत के लिए दुआ की। उन्होंने कहा की अल्लाह तआला मरहूमीन को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और परिवार को यह असहनीय दुख बर्दाश्त करने का सब्र अता करे।उक्त मौके पर बरहरवा प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, लियाकत अली, मालेक अख्तर, नेश मोहम्मद, सैबान शेख, मुनीर शेख, साहबुल शेख, शाहरुख शेख सहित एआईएमआईएम पार्टी के कई स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रगतिशील महिला समिति की बैठक का आयोजन



**सिंदरी/बलियापुर/धनबाद ।** मनोहरटांड़ में सोमवार को प्रगतिशील महिला समिति की एक बैठक का आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक में रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई। बैठक में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ने की बातें कही गई। सिलाई, मशरूम उत्पादन, डेयरी उद्योग, आचार, पापड़, अगरबत्ती, मोमबत्ती, फिनाईल निर्माण आदि का प्रशिक्षण लेकर कार्य करने पर विचार किया गया। साथ ही उपस्थित महिलाओं ने मुख्य रूप से पानी की समस्या, बिजली की समस्या, मैया सम्मान योजना, पेंशन योजना, आवास योजना, राशन कार्ड की समस्या, जातिझआवासीय प्रमाण पत्र, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता के लिए समूहों का कार्य क्लाप आदि पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि महिलाएं आज परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए भी आगे आने की जरूरत है। आज महिला राष्ट्रपति और सेना बनकर देश की सेवा कर रही है, तो दूसरी तरफ किचन से लेकर हर कार्य करने की माद्दा रखती है। बस आगे आकर कार्य करने की जरूरत है। मौके पर अर्पिता मुखर्जी, ज्योत्सना कुमारी, कमला देवी, पायल देवी, रीता चंद्र, मुन्नी कुमारी मल्लिक, मीरा देवी, काजल कुमारी, फूलकुमारी देवी, मंजू देवी, ज्योति देवी, ममता देवी, सुमित्रा देवी, उर्मिला देवी, प्रमिला शर्मा, सविता देवी, सीता देवी, बेबी देवी, सुनीता देवी, मिंटू मिश्रा, डेविड आदि उपस्थित थे।

## भाजपा पाकुड़ की संगठनात्मक बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ सशक्तिकरण पर मंथन

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



पाकुड़ : भाजपा पाकुड़ जिला द्वारा व्याहुत धर्मशाला में जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू की अध्यक्षता में भाजपा जिला पदाधिकारीयों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत भारत माता,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सामूहिक वंदे मातरम का गायन के उपरांत बैठक प्रारंभ किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता बबलू भगत,पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता दिनेश विलियम मरांडी,भाजपा जिला प्रभारी निवास मंडल,मीरा प्रवीण सिंह,दुर्गा मरांडी सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी,सभी मंडलों अध्यक्ष,मंडल के प्रभारी,मोर्चा के अध्यक्ष मौजूद थे।बैठक के प्रथम सत्र में जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण,विशेष गहण पुनरीक्षण, बूथ पर आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।द्वितीय सत्र में पूर्व जिला अध्यक्षों,प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारीयों,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,पूर्व पदाधिकारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। अपने संबोधन में प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा सबसे ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता एवं मजबूत बूथ का संगठन है।उन्होंने सभी कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि संगठनात्मक समन्वय सक्रिय जनसंपर्क एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया तथा कार्यकताओं से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया।बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश भगत ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने किया।

## बलियापुर पुलिस ने 16 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को दबोचा



**बलियापुर/ धनबाद।** बलियापुर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना कांड संख्या111/2026 दिनांक 29 जून 2026 के तहत दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार 28 जून की रात गश्ती एवं छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि रखितपुर रेलवे गुमटी के पास दो संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। सूचना के सत्यापन के लिए थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार पुलिस टीम के साथ बलियापुर ,झरिया मुख्य सड़क स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, जहां दोनों संदिग्धों को रोककर पूछताछ की गई। दोनों ने अपने बैग में गंजा होने की बात स्वीकार की। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी, प्रकाश चंद्र महतो की उपस्थिति में तलाशी लेने पर दोनों के बैग से आठ- आठ पैकेट ,कुल 16 पैकेट गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 16 किलोग्राम है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास कुमार (32), निवासी गौतम बुध नगर (उत्तर प्रदेश), तथा श्यामा कांत सिंह (36) निवासी आर एम 4 सिंदरी,धनबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बलियापुर उप प्रमुख के देवर को मिला नियुक्ति पत्र



**बलियापुर /धनबाद।** समाजसेवी स्व संतलाल महतो के पुत्र व प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी के देवर अजय कुमार महतो को सोमवार रांची में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित समारोह में सहायक आचार्य पद के लिए नियुक्ति पत्र मिलने से लोगों में हर्ष है। रांची के खेल गांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में धनबाद के जिला शिक्षा अधीक्षक ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। वे इसके पूर्व कलियासोल प्रखंड में कार्यरत थे। बलियापुर के शिक्षक स्वपन कुमार महतो, लायंस क्लब के अरुण महतो, मुकुल चंद्र रोहिदास, शिक्षक नेता आदित्य प्रसाद मिर्धा पारितोष घोषाल आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत जिलेभर में चुनावी पाठशालाओं एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों के माध्यम से चला व्यापक मतदाता जागरूकता

झारखंड उजाला प्रतिनिधि



पाकुड़ : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत आज जिले के सभी चुनावी पाठशालाओं तथा +2 विद्यालयों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाते हुए यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।

सभी चुनावी पाठशालाओं एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों में नोडल पदाधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भावी मतदाताओं (Future Voters), युवा मतदाताओं (Young Voters) एवं क्लब के सदस्यों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की कार्ययोजना, गणना चरण की गतिविधियों तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन की पूरी प्रक्रिया से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त Leanlet-1 एवं Poster-1 एवं 2 में अंकित महत्वपूर्ण जानकारियों का वाचन करते हुए प्रतिभागियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

**नए मतदाताओं के पंजीकरण एवं जनभागीदारी पर विशेष बल**

बैठक में विशेष रूप से 01 अक्टूबर, 2026 तक अर्हता प्राप्त करने वाले नए मतदाताओं के पंजीकरण, आवेदन प्राप्त करने एवं पात्र नागरिकों का समयबद्ध नामांकन सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों एवं युवाओं से अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

बी.एल.ओ., वालंटियर एवं अएफ्ढ ने निभाई सक्रिय भूमिका चुनावी पाठशालाओं से संबंधित गतिविधियों में संबंधित बी.एल.ओ. के साथ संबद्ध वालंटियर भी उपस्थित रहकर आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहे। वहीं ढश्ळऋ एवं दूरस्थ (Remote Area) क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों का अनुश्रवण संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (AERO) द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।


**प्रखंडवार वरीय पदाधिकारियों ने किया अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन**

कार्यक्रम के प्रभावी अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन के लिए प्रखंडवार वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।इसके तहत लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़, हिरणपुर प्रखंड में जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा आमड़ापाड़ा प्रखंड में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, पाकुड़ ने कार्यक्रमों का अनुश्रवण किया। वहीं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पाकुड़ प्रखंड में अपर समाहर्ता तथा नगर परिषद क्षेत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी की निगरानी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के महेशपुर प्रखंड में उप विकास आयुक्त तथा पाकुड़िया प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता के मार्गदर्शन एवं निगरानी में कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन एवं अनुश्रवण किया गया।

शुद्ध मतदाता सूचीझसशक्त लोकतंत्र' के संकल्प को साकार बनाने का आह्वान

जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, विशेषकर पहली बार मतदान के पात्र बनने वाले युवाओं से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। नागरिकों से समय पर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने, आवश्यक संशोधन कराने तथा अन्य पात्र नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया। प्रशासन ने कहा कि ₹शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी मतदाता सूची ही स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सशक्त लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला है।₹ प्रत्येक पात्र नागरिक की सहभागिता से ही विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का उद्देश्य सफल होगा और लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनेगी।

## नोटरी पब्लिक की सतर्कता से भी जमीन व अन्य अनियमितताओं पर लगेगी रोक : उपायुक्त



उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के नोटरी पब्लिक सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि संबंधी मामलों में नोटरी की भूमिका, पारदर्शिता एवं सतर्कता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हाल के दिनों में गलत एवं भ्रामक दस्तावेजों के आधार पर नोटरी कराकर भूमि की रजिस्ट्री कराने के मामले सामने आए हैं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने सभी नोटरी पब्लिक सदस्यों को निर्देश दिया कि किसी भी दस्तावेज का नोटरीकरण करने से पूर्व उसकी विधिवत जांच-पड़ताल करें तथा सभी तथ्यों से पूर्णतः संतुष्ट होने के बाद ही नोटरी की प्रक्रिया पूरी करें।उपायुक्त ने कहा कि नोटरी करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सभी के पास है। इसलिए प्रत्येक मामले में पूरी सावधानी एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही से भू-माफियाओं एवं असामाजिक तत्वों को गलत तरीके से भूमि हस्तांतरण का अवसर मिल सकता है, जिससे वास्तविक भू-स्वामियों के अधिकार प्रभावित होते हैं।उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं द्वारा फर्जी अथवा भ्रामक दस्तावेजों के माध्यम से भूमि पर अवैध कब्जा करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाने में नोटरी पब्लिक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में आपकी सतर्कता, निष्पक्षता एवं गहन जांच ही इस प्रकार की अनियमितताओं को रोक सकती है।उपायुक्त ने सभी नोटरी पब्लिक सदस्यों से अपील की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं विधिसम्मत तरीके से करें तथा किसी भी संदिग्ध मामले की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि संबंधी फजीर्वाड़े एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या मिलीभगत पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# PM Modi Seychelles Visit: चीन देखता रह गया, हिंद महासागर में भारत ने बना ली मजबूत घेराबंदी



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार



मोदी की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच नौ महत्वपूर्ण समझौते हुए। इनमें प्रत्यर्पण संधि सबसे अधिक सामरिक महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र लंबे समय से समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय अपराधों की चुनौती से जूझता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेशेल्स यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में केवल एक सहभागी शक्ति नहीं, बल्कि स्थिरता, सुरक्षा और विकास का सबसे भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। सेशेल्स की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ और दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर हुई यह यात्रा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

प्रधानमंत्री मोदी ने सेशेल्स की संसद को संबोधित करते हुए जिस प्रकार हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाने की बात कही, वह भारत की दूरदर्शी समुद्री नीति का स्पष्ट संकेत है। भारत ने यह संदेश दिया कि हिंद महासागर केवल समुद्री व्यापार का मार्ग नहीं, बल्कि सामरिक संतुलन, आर्थिक समृद्धि और वैश्विक शक्ति संरचना का केंद्र बनने जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में मोदी सरकार की विदेश नीति का आत्मविश्वास और परिपक्वता साफ दिखाई दी। सेशेल्स को भारत ने जिस सम्मान और साझेदारी का भरोसा दिया, उसने यह साबित किया कि नई दिल्ली छोटे देशों को भी बराबरी और सम्मान के साथ साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच नौ महत्वपूर्ण समझौते हुए। इनमें प्रत्यर्पण संधि सबसे अधिक सामरिक महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र लंबे समय से समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध मछली पकड़ने और अंतरराष्ट्रीय अपराधों की चुनौती से जूझता रहा है। ऐसे में प्रत्यर्पण समझौता और समुद्री सुरक्षा सहयोग भारत की सुरक्षा नीति को मजबूत करने वाला कदम है। इससे भारत को पश्चिमी हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक उपस्थिति और निगरानी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि भारत और सेशेल्स की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है। यही कारण है कि भारत ने सेशेल्स को तेज गश्ती पोत, नौकाएं, एंबुलेंस और अन्य उपयोगी वाहन भेंट किए। भारतीय नौसेना के युद्धपोत और सर्वेक्षण पोत का सेशेल्स पहुंचना हिंद महासागर में भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रदर्शन भी था।

साथ ही भारत ने सेशेल्स के लिए एक सौ पचहत्तर मिलियन डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा कर यह भी दिखाया कि उसकी विदेश नीति केवल रणनीतिक हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास आधारित साझेदारी पर आधारित है। सामाजिक आवास, शिक्षा, परिवहन, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भारत का सहयोग यह दशार्ता है कि नई दिल्ली अपने साझेदार देशों के विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है। मोदी सरकार की यही नीति भारत को अन्य वैश्विक शक्तियों से अलग पहचान देती है। इस यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष डिजिटल और आर्थिक सहयोग भी रहा। भारत और सेशेल्स के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार, प्रत्यक्ष नौवहन संपर्क और डिजिटल भुगतान व्यवस्था को लेकर हुए समझौते भविष्य की आर्थिक संरचना को बदलने वाले कदम हैं। भारत की डिजिटल सार्वजनिक संरचना को सेशेल्स में लागू करने की पहल यह साबित करती है कि भारत अब तकनीकी समाधान देने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभर चुका है। यह मोदी सरकार की उस नीति का परिणाम है जिसमें तकनीक को जनकल्याण और वैश्विक साझेदारी का आधार बनाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन और छोटे द्वीपीय देशों की चुनौतियों को जिस मजबूती से उठाया, वह भी भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता को दशार्ता है। उन्होंने साफ कहा कि जिन देशों ने जलवायु संकट पैदा नहीं किया, उन्हें उसका सबसे बड़ा बोझ नहीं उठाना चाहिए। यह बयान विकसित देशों की दोहरी नीतियों पर सीधा प्रहार भी था। भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी आधारभूत ढांचा गठबंधन और हरित ऊर्जा अभियानों के माध्यम से पहले ही विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना ली है। सेशेल्स द्वारा भारत की पहल में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि विकासशील देशों के बीच भारत की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स द्वारा दिया गया ब्लू होराइजन के संरक्षक सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। यह सम्मान पहली बार किसी नेता को दिया गया और इससे यह संदेश गया कि हिंद महासागर क्षेत्र भारत को एक जिम्मेदार और भरोसेमंद शक्ति के रूप में देखता है। पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और समुद्री संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर भारत की प्रतिबद्धता ने छोटे द्वीपीय देशों में विश्वास पैदा किया है।

सामरिक दृष्टि से देखें तो यह यात्रा चीन की बढ़ती समुद्री सक्रियता के बीच भारत की मजबूत जवाबी रणनीति का हिस्सा भी है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन लगातार बंदरगाह, आधारभूत ढांचे और कर्ज आधारित परियोजनाओं के जरिए प्रभाव बढ़ाने में लगा है। इसके मुकाबले भारत ने सहयोग, विश्वास और साझा विकास का मॉडल प्रस्तुत किया है। यही कारण है कि सेशेल्स जैसे देश भारत को केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक साझेदार मानते हैं। मोदी सरकार की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की स्थिति को अभूतपूर्व मजबूती दी है।

साथ ही सेशेल्स की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती पर भारतीय सेना और नौसेना की ऐतिहासिक भागीदारी ने इसे भारत की सामरिक शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव के प्रदर्शन में बदल दिया। असम रेजिमेंट के जवानों, भारतीय नौसेना के बैंड और युद्धपोतों की मौजूदगी ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत सुरक्षा का सबसे विश्वसनीय स्तंभ है। राजधानी विक्टोरिया में जब भारतीय सैनिकों ने कदमताल की और असम रेजिमेंट का प्रसिद्ध युद्धगान गूंजा, तब वह केवल सैन्य प्रदर्शन नहीं था, बल्कि भारत और सेशेल्स के बीच दशकों पुराने भरोसे और रक्षा सहयोग का जीवंत प्रतीक था। युद्धपोत आईएनएस तरकश और आईएनएस इक्षाक की उपस्थिति ने हिंद महासागर में भारत की समुद्री क्षमता और रणनीतिक पहुंच को और अधिक प्रभावशाली ढंग से स्थापित किया। यह संदेश भी साफ था कि मोदी सरकार हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सैन्य और सामरिक उपस्थिति को नई ऊंचाई देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में हिंद महासागर की राजनीति और अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका निर्णायक होने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की सेशेल्स यात्रा ने यह साबित कर दिया कि मोदी सरकार की विदेश नीति दूरदर्शी, संतुलित और रणनीतिक रूप से अत्यंत प्रभावी है। हिंद महासागर में भारत की बढ़ती उपस्थिति केवल सामरिक शक्ति का विस्तार नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और साझी समृद्धि की नई कहानी है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

## राजनय की मजबूती

भारत और ब्रिटेन के बीच जो नजदीकी देखी गई है, उसे आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा दर्ज करने लायक मोड़ साबित हो सकता है। ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है, साथ ही, रक्षा मामलों में भी भारत के साथ सहयोग बेहतर करने को लालायित है। हो सकता है, ब्रिटेन की यह कोशिश इसलिए भी हो कि रूस पर भारत की निर्भरता कम हो जाए, लेकिन तब भी भारत जिस तरह से अपना हित देखते हुए मजबूती से आगे बढ़ रहा है, वह मानीखेज है। खास कामयाबी यह कि ब्रिटेन भारत को एक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस जारी करेगा, जिससे रक्षा खरीद आपूर्ति में कम समय लगेगा। इसके अलावा ब्रिटेन लड़ाकू जेट बनाने में भी भारत की मदद करेगा। हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ाने की दिशा में भी वह मदद करना चाहता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य क्षेत्र में ब्रिटेन ने भारत में निवेश बढ़ाने की बात भी की है। इतना ही नहीं, दोनों देश इसी साल के अंत तक एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता भी करने वाले हैं। इस तरह का समझौता पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अगर ब्रिटेन इस दिशा में अब बढ़ रहा है, तो भारत की बढ़ी हुई अहमियत को हम नजरंदाज नहीं कर सकते।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे। अब ऐसा लगता है कि दुनिया खुद आगे बढ़कर भारत के बारे में सोचना चाहती है। अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं।

हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफ गया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है। यह संतुलन भारतीय राजनय का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले। संबंधों का विस्तार उन्हीं देशों के साथ होना चाहिए, जिनको हमारी पीड़ाओं का भी अंदाजा हो। राजनय की मजबूती देश के विकास में साकार होनी चाहिए।

## नागरिकता के दस्तावेजों पर इतना भ्रम ठीक नहीं..

आधुनिक विश्व व्यवस्था की एक खामी यह है कि यहां कानून की भाषा अलग होती है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि कानूनी भाषा जटिल होती है और उसके शब्द जाल को आम आदमी नहीं समझ पाता। इसी आधार पर उसकी अवधारणाएं विकसित होती हैं और फिर वह किसी विषय का व्यवस्था को लेकर अपनी राय बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में पासपोर्ट हासिल करना आसान हो गया है। इसकी वजह तकनीकी क्रांति तो है ही, लेकिन सरकारी नीतियों ने भी आम आदमी के लिए पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया को आसान किया है। पासपोर्ट हासिल करने के कठिन दौर से लेकर आसानी से प्राप्त होने के मौजूदा दौर में, आम नागरिक इसे अपनी नागरिकता का एक वैध दस्तावेज मानता रहा है। लेकिन पासपोर्ट सेवा दिवस के मौके पर भारतीय विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के पासपोर्ट को लेकर दिए बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस अधिकारी के मुताबिक, भारतीय पासपोर्ट सिर्फ विदेश यात्रा के लिए एक दस्तावेज है, भारतीय नागरिकता का सबूत नहीं। जहां पासपोर्ट हासिल करने को चार धाम यात्रा जैसी उपलब्धि माना जाता रहा हो, जहां किसी व्यक्ति की पहचान के लिए मजबूत सरकारी दस्तावेज माना जाता रहा हो, वहां ऐसा बयान आएगा तो विवाद होगा ही। तो विवाद हो रहा है। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि अगर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और पासपोर्ट नागरिकता का वैध दस्तावेज नही है तो फिर कोई भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता के लिए क्या सबूत पेश करे।

भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के शब्दों से गुजरें तो विदेश मंत्रालय के अधिकारी का कहना गलत भी नहीं है, लेकिन हाल के दिनों में मतदाता सूचियों के विशेष और गहन परीक्षण के दौरान जब घोषित कर दिया गया कि किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र होना उसकी नागरिकता के सबूत नहीं है और अब पासपोर्ट भी नहीं रहा, तो फिर भारतीय नागरिक क्या करे। जरूरत पड़ने पर वह कैसे साबित करे कि वह भारतीय नागरिक है। इस आधार पर तो देश के ज्यादातर लोग अपनी नागरिकता को तो साबित ही नहीं कर पाएंगे। यही वजह है कि लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। आज के दौर की तमाम लड़ाइयों का बुनियादी और मजबूत आधार चूंकि नैरेटिव बन गया है तो यह भी साबित करने की कोशिश होगी कि मोदी सरकार ने जानबूझकर ऐसा किया है। इसके लपेटे में मोदी समर्थक ताकतें भी आएंगी, भारतीय जनता पार्टी पर तो खैर सवाल उठेगा ही। इस नैरेटिव को खड़ा होने से पहले ही जरूरी है कि नागरिकता के वैध दस्तावेज को लेकर जारी भ्रम को जल्द से जल्द दूर किया जाए। अन्यथा भ्रम का यह कुहासा जितना फैलेगा, वह आम नागरिक के मन में व्यवस्था के प्रति गुस्सा और क्षोभ भरेगा। इससे तनाव बढ़ाने वाली ताकतों को भी मौका मिलेगा।

पासपोर्ट को लेकर विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने जो कहा है, वह गलत भी नहीं है। अपने देश में भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत जारी किया जाता है। जबकि भारत में नागरिकता की व्याख्या और प्रमाणिकता के लिए भारतीय नागरिकता कानून 1955 है। पासपोर्ट एक्ट की धारा 20 के मुताबिक, अगर केंद्र सरकार चाहे तो किसी ऐसे व्यक्ति को भी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी कर सकती है जो भारत का नागरिक नहीं है। बस शर्त यह होगी कि सरकार को ऐसा लगे कि उसके लिए पासपोर्ट जारी करना व्यापक जनहित में जरूरी है। इस कानून से साफ है कि पासपोर्ट और नागरिकता दो अलग अलग चीजें हैं। बेशक भारतीय पासपोर्ट सिर्फ भारतीयों को ही मिलता है, लेकिन यह पत्थर की लकीर जैसा नियम नहीं है। पासपोर्ट अधिनियम की धारा 20 भारत सरकार को छूट देती है कि व्यापक जनहित में वह भारतीय नागरिक ना होने के बावजूद किसी व्यक्ति को पासपोर्ट जारी कर सकती है। इतिहास



विदेश मंत्रालय के अधिकारी के बयान पर भले ही विवाद खड़ा हुआ हो, लेकिन पासपोर्ट के जरिए नागरिकता प्रमाणित करने के तीन अभियुक्तों समेत चार लोगों के दावे को बांबे हाईकोर्ट 2013 में ही खारिज कर चुका है। उन्होंने अपनी नागरिकता के लिए पासपोर्ट पेश किया था। बांबे हाईकोर्ट ने दो सितंबर 2013 के अपने फैसले में साफ कर दिया था कि अगर आपका जन्म 1987 के बाद हुआ है तो पासपोर्ट को अपनी नागरिकता के प्रमाण पत्र के रूप में नहीं पेश कर सकते। वैसे आधार कार्ड का कानून भी मानता है कि आधार कार्ड सिर्फ निवास और पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। आधार कानून 2016 की धारा में साफ लिखा है कि आधार कार्ड से नागरिकता की बजाय सिर्फ निवास स्थान और पहचान प्रमाणित होता है। इसकी वजह यह है कि आधार कानून के तहत 182 दिनों तक भारत में लगातार रहने वाले व्यक्ति को सरकार चाहे तो आधार कार्ड जारी कर सकती है। इसी आधार पर सर्वोच्च न्यायालय भी इसे नागरिकता का प्रमाण मानने से इनकार कर चुका है। इसी तरह पैन कार्ड के लिए भी व्यवस्था दी गई है। पैन कार्ड का कानूनी आधार है कि व्यक्ति अर्जन कर रहा है और टैक्स दे रहा है। आधुनिक विश्व व्यवस्था की एक खामी यह है कि यहां कानून की भाषा अलग होती है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि कानूनी भाषा जटिल होती है और उसके शब्द जाल को आम आदमी नहीं समझ पाता।

## भारतीय परम्पराओं का अनुपालन कर हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। यदि आप सोने से पहले इसका एक चम्मच पिएंगे तो एक सप्ताह में आपका 7 किलो वजन कम हो जाएगा। भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोयह्व, यह भारतीय विचारधारा है।

भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर ह्लकुछ मीठा हो जाएह्व जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाईयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि, दीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं;



# बकरी बेचकर दिया रिश्वत की तीसरी किस्त', घूसखोर राजस्व कर्मचारी का वीडियो वायरल

एजेंसी

**कटिहार:** सरकार भले ही घूसखोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का दावा करती हो लेकिन लगता नहीं है कि इसमें कहीं से भी कोई कमी नहीं आई है, क्योंकि आए दिन रिश्वतखोरी के मामले सामने आते रहते हैं. नया मामला कटिहार का है, जहां जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में राजस्व कर्मचारी एक शख्स से पैसे ले रहा है. घूस लेते हुए उसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है.

**घूसखोर राजस्व कर्मचारी का वीडियो वायरल:** वीडियो में राजस्व कर्मचारी सुनील कुमार ठाकुर आजमनगर प्रखंड के पिंडाल पंचायत के रहने वाले संजीव कुमार से 21 हजार रुपये



घूस लेते दिख रहे हैं. इससे पहले भी म्यूटेशन के लिए वह दो किस्त में घूस की रकम ले चुका था. तीसरी किस्त की राशि देने वक्त पीड़ित ने वीडियो बना लिया, ताकि आगे फिर से रिश्वत न मांगे.

**बकरी बेचकर दी रिश्वत की तीसरी किस्त:** पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार जमीन म्यूटेशन के लिए आवेदन दिया था, तब राजस्व कर्मचारी की मिलीभगत से उसे रद्द कर दिया गया. उसके बाद उन्हें कर्मचारियों ने कहा कि दूसरे के नाम से करवाइए. दोबारा आवेदन करवाने के बाद कर्मचारी ने बुलाकर कहा कि जल्दी से पैसे दीजिए, नहीं तो इस बार भी रिजेक्ट हो जाएगा. दो किस्त देने के बाद इस बार बकरी बेचकर तीसरी किस्त के पैसे देने आए थे.

**क्यों बनाया वीडियो?:** संजीव ने बताया कि पहली बार उन्होंने 40 हजार रुपये दिए थे. फिर दूसरी बार पैसे की डिमांड हुई तो 15 हजार दिए. जब तीसरी बार पैसे की डिमांड हुई तो उनके पास पैसे नहीं थे. ऐसे में उन्होंने बकरी बेचकर पैसे जमा किया और 21 हजार रुपये दिए. वे बताते हैं कि बार-बार पैसे देकर वह थक गए थे, लिहाजा इस बार वीडियो बना लिया ताकि सबूत रहे.

**मामले की जांच के आदेश:** इस पूरे मामले पर जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के मामले में सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति को जमीनी स्तर पर भी इंप्लीमेंट करने की कोशिश की जा रही है. डीएम ने कहा कि फिलहाल यह जो मामला सामने आया है, इस पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

**क्या है म्यूटेशन?:** असल में म्यूटेशन का मतलब होता है दाखिल-खारिज. यानी जमीन के कागजात में नए मालिक का नाम जोड़ना और पुराने मालिक का नाम निकालना. हालांकि यह स्वामित्व का अंतिम प्रमाण नहीं होता है लेकिन भूमि कर (लगान या रसीद) भरने का रिकॉर्ड और अपडेट रखने के लिए यह बेहद जरूरी होता है.

# पुलिसिया जुल्म के खिलाफ पटना हाईकोर्ट सख्त, पूर्व थानेदार पर एफआईआर करने का आदेश

एजेंसी

**बिहार :** बिहार के भोजपुल जिले में कथित पुलिस उत्पीड़न के एक मामले में पटना हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है. कोर्ट ने बक्सर के मुरार थाने के तत्कालीन थानेदार कमल नयन पांडेय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है. जस्टिस जीतेंद्र कुमार की पीठ ने भोजपुर निवासी मनीष कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है.याचिकाकर्ता मनीष कुमार का आरोप है कि जुलाई 2024 में दस्तावेज अपलोड कराने के दौरान मुरार थाना पुलिस ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसमें उसेके दोनों पैर टूट गए थे. इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों




से शिकायत के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई.मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि मनीष कुमार के पैर बारिश के दौरान फिसलने से टूटे थे. लेकिन कोर्ट ने एक्स-रे रिपोर्ट व उपलब्ध तथ्यों का हवाला देते हुए इस दलील पर संदेह जताया. कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री गंभीर अपराध की ओर संकेत करती है और मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है.हाईकोर्ट ने इस मामले में त्तत्कालीन थानेदार के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर जांच सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया. साथ ही डीजीपी को 30 दिनों के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर याचिकाकर्ता सीबीआई जांच की मांग को लेकर फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है.

# भरत तिवारी एनकाउंटर: सामाजिक कार्यकर्ता ने मुंडवाया सिर, न्याय के लिए अनशन पर बैठा

एजेंसी

**भोजपुर:** बिहार के भोजपुर जिले के चर्चित भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में न्याय की मांग लगातार तेज होती जा रही है. परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर आंदोलन जारी है. इसी बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया है जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है.

**अनिश्चितकालीन अनशन शुरू:** भरत तिवारी के गांव बिलौटी से करीब 400 किलोमीटर दूर पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया से सामाजिक कार्यकर्ता सचिन मिश्रा पहुंचे हैं. उन्होंने मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर उनके घर के सामने



अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है. भीषण गर्मी के बावजूद सचिन ने अपना सिर मुंडवाकर विरोध दर्ज कराया है.

**न्याय मिलने तक आंदोलन:** सचिन मिश्रा ने घोषणा की है कि जब तक भरत तिवारी के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह अपना आंदोलन जारी रखेंगे. अनशन स्थल पर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग से जुड़े कई पोस्टर एवं नारे लगाए गए हैं. इस विरोध प्रदर्शन को देखकर गांव के लोग भी हैरान हैं.

**अनशन समाप्ति की शर्त:** सचिन मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानि सीबीआई से कराई जाती है तो वह अपना आंदोलन समाप्त कर देंगे. गौरतलब है कि भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर पूरे राज्य में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बहस जारी है.

**बिलौटी गांव पहुंच रहे नेता:** विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि लगातार बिलौटी गांव पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर रहे हैं. वे सभी लगातार इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठा रहे हैं. सभी की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि सरकार इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है. ग्रामीणों का आंदोलन और सचिन मिश्रा का अनशन आने वाले दिनों में क्या मोड़ लेता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा.

**भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर:** गौरतलब है कि बीते 15 जून को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था. वीडियो में एक युवक पुलिस पर पिस्टल ताने खड़ा था. पुलिस की जांच में यह वीडियो भोजपुर जिले के शाहपुर थाना के बिलौटी गांव का बताया गया और युवक की पहचान भरत भूषण तिवारी के रूप में की गई. वहीं 17 जून को जिले के शाहपुर थाना प्रभारी जांच के लिए बिलौटी गांव पहुंचे तो भरत तिवारी के हाथ में पिस्टल थी और वो सरकार और प्रशासन की नाकामियों पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहा था.

**भरत तिवारी का सरेंडर, फिर एनकाउंटर:** इस दौरान थाना प्रभारी राजेशा मालाकार और भरत भूषण तिवारी में काफी बातचीत हुई. बाद में फिर 18 जून को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने भरत भूषण तिवारी के घर को चारो तरफ से घेर लिया. इस बीच भरत तिवारी फेसबुक लाइव कर रहा था, जिसमें देखा गया कि उसने पिस्टल फेंक दिया था और सरेंडर कर दिया.

**इलाज के दौरान भरत तिवारी की मौत:** पुलिस ने बताया कि युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से वीडियो वायरल किया था. फेसबुक लाइव में युवक कहता नजर आ रहा था कि वो सरेंडर कर रहा है. जिसके बाद पुलिस उसका हाफ एनकाउंटर करती है. बाद में उसे अस्पताल ले जाया जाता है लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाती है.

## संक्षिप्त खबर

### इंसाफ के लिए बेटी को गोद में लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ी महिला, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**राघोपुर :** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र स्थित सिमराही दुर्गा मंदिर के पास मंगलवार की सुबह एक महिला अपनी छोटी बेटी को गोद में लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई. सुबह करीब चार बजे हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. टावर पर



महिला और उसकी बच्ची के चढ़ने की खबर से मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ जुट गई.टावर पर चढ़ी महिला गुड्डी देवी ने बताया कि करीब दस साल पहले दिल्ली-गुरुग्राम में मजदूरी के दौरान उसकी मुलाकात राघोपुर के मोतीपुर निवासी अमरेंद्र ठाकुर से हुई थी. दोनों ने लव मैरेज किया था और उनका एक 12 साल का बेटा भी है.महिला का आरोप है कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है और उसे घर से निकाल दिया है. उसका कहना है कि वह लंबे समय से न्याय के लिए अधिकारियों और पुलिस के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई. इसी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और महिला को टावर से सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए गए. अधिकारियों ने लाउडस्पीकर के जरिए उससे बातचीत की और भरोसा दिलाया कि उसकी शिकायतों की जांच की जाएगी. हालांकि महिला की मांग थी कि डीएम और एसपी खुद मौके पर आएं और उसे न्याय का भरोसा दें, तब वह नीचे उतरेगी. करीब चार घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला. इसके बाद महिला अपने बच्चे के साथ नीचे उतरी.

### बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा : 23 व 24 जून को रेलवे चलायेगी 13 स्पेशल ट्रेनें

**बिहार :** बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है. दानापुर रेल मंडल ने 23 और 24 जून को 13 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है, ताकि अभ्यर्थी बिना परेशानी के परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें और परीक्षा के बाद अपने गंतव्य तक लौट



सकें. रेलवे की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, इन विशेष ट्रेनों का संचालन राज्य के कई प्रमुख स्टेशनों के बीच किया जाएगा. इनमें पटना, पाटलिपुत्र, दानापुर, बक्सर, बख्तियारपुर, राजगीर, नवादा, जमुई, किऊल, गया, सिवान, बेतिया, सासाराम और आरा शामिल हैं.23 जून को कई परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी. पाटलिपुत्र से सासाराम के लिए विशेष ट्रेन रात 8 बजे रवाना होगी. पटना जंक्शन से भभुआ रोड के लिए रात 8:50 बजे ट्रेन खुलेगी. जबकि पटना से बेतिया के लिए रात 9 बजे विशेष ट्रेन का संचालन होगा.इसके अलावा पाटलिपुत्र से पटना के बीच रात 9:45 बजे और दानापुर से आरा के लिए रात 10 बजे स्पेशल ट्रेन चलेगी. वहीं पटना जंक्शन से सिवान के लिए रात 11 बजे विशेष ट्रेन रवाना होगी.24 जून को परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों की वापसी के लिए भी रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है. इस दिन बख्तियारपुर-राजगीर, राजगीर-बख्तियारपुर, किऊल-गया, गया-किऊल, नवादा-जमुई, जमुई-पटना जंक्शन और बक्सर-दानापुर रूट पर परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा.

### 55 लोगों पर केस, अररिया के पूर्व सीओ पर भी एफआईआर. बिहार में जमीन रिकॉर्ड में बड़ा फजीवाड़ा

**अररिया:** बिहार के अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में जमीन की जमाबंदी में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. स्थानीय किसान बैद्यनाथ बहरदार की शिकायत पर फुलकाहा थाना में केस दर्ज किया




गया है. इसमें भू-माफिया के साथ-साथ नरपतगंज अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों समेत कुल 55 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है.

**अधिकारियों पर लगे गंभीर आरोप:** प्राथमिकी में तत्कालीन सीओ शम्भू प्रकाश, अंचलाधिकारी उत्तम राहुल, वर्तमान सीईओ रविंद्र कुमार, राजस्व कर्मचारी जितेन्द्र कुमार राय, जमीउर रहमान सहित कई अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उनकी खतियानी जमीन की जमाबंदी और ऑनलाइन भूमि अभिलेखों में फर्जी तरीके से बदलाव कर अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए. सरकारी डिजिटल हस्ताक्षर (डोंगल) का दुरुपयोग करके रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई, जबकि मूल दस्तावेजों में ऐसा कोई वैध आधार मौजूद नहीं था.

**न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप:** शिकायत के अनुसार, न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद कुछ आरोपियों ने जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया. इस दौरान शिकायतकर्ता की फसल को नुकसान पहुंचाया गया और विरोध करने पर हथियार दिखाकर धमकी दी गई. मामले से जुड़े वीडियो फुटेज और अन्य दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं, जो जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं.

**डिजिटल रिकॉर्ड सिस्टम पर उठे सवाल:** यह मामला बिहार सरकार की डिजिटल भूमि अभिलेख व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करता है. आरोप है कि सरकारी डोंगल का दुरुपयोग कर ऑनलाइन रिकॉर्ड को मनमाने ढंग से बदला गया. यदि यह साबित होता है तो न केवल संबंधित अधिकारियों बल्कि पूरे सिस्टम की निगरानी पर सवाल उठेंगे.

**अवैध कब्जे के आरोपों की छानबीन:** फुलकाहा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है. भूमि रिकॉर्ड में फजीवाड़ा, दस्तावेजों में हेरफेर और अवैध कब्जे के आरोपों की छानबीन की जा रही है. पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**क्या कहते हैं एसपी:** अररिया के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पूरा मामला उनके संज्ञान में आ गया है. प्राथमिकी के आधार पर जांच चल रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. इस घटना ने स्थानीय किसानों में भूमि रिकॉर्ड सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है.

# शराब की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम, भिड़ गई महिला तस्कर

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है. इसके बावजूद प्रदेश में इसकी तस्करी बदस्तूर जारी है. अगर इसपर अंकुश लगाने के लिए पुलिस या उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करती है, तो कई बार उसे विरोध का सामना करना पड़ता है. कुछ ऐसा ही नजारा मुजफ्फरपुर में देखने को मिला.

**महिला शराब तस्कर का पुलिस से झड़प :** जिले की एक महिला शराब तस्कर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में महिला उत्पाद विभाग के अधिकारियों और सिपाहियों के साथ झड़प करती नजर आ रही है. हालांकि विरोध और हाथापाई के बावजूद उत्पाद विभाग की टीम ने महिला को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया.

**गुप्त सूचना पर की गई थी कार्रवाई :** वायरल वीडियो मुजफ्फरपुर



जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर इलाके का बताया जा रहा है. दरअसल उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि इलाके में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है. इसी सूचना के आधार पर विभाग की टीम छापेमारी के लिए मौके पर पहुंची.

**लोगों ने बनाया वीडियो :** छापेमारी के दौरान एक महिला तस्कर ने उत्पाद विभाग की टीम का विरोध शुरू कर दिया और अधिकारियों व सिपाहियों के साथ झड़प करने लगी. इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

**क्या बोले उत्पाद इंस्पेक्टर? :** उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अहियापुर थाना क्षेत्र के भीखनपुर वार्ड संख्या-7 निवासी रितेश कुमार अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ मिलकर अवैध शराब की बिक्री करता है. सूचना के सत्यापन के लिए उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

**न्यायिक हिरासत में भेजा गया :** गिरफ्तारी के दौरान महिला ने उत्पाद विभाग में तैनात गृह रक्षक के साथ हाथापाई भी की. हालांकि टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया. पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# रात को नाच देखने गया था किशोर, सुबह पिता को शीशम पेड़ के नीचे मिली लाश

एजेंसी

**पटना:** पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीन विवाद को लेकर 16 वर्षीय किशोर की गला घोंटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था. घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है. मृतक की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में हुई है.

**जमीन विवाद में हत्या:** पिता दिनेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था. इसको लेकर 18 मई 2026 को गांव के ही सियासरण सिंह, पिता स्व. मुनिलाल सिंह, अरुण कुमार, पिता सियासरण सिंह, सोनू कुमार, पिता अरुण कुमार, कल्लू कुमार, पिता अशोक कुमार, साहिल कुमार, पिता अशोक कुमार, कुंती देवी, पति सियासरण सिंह, बबीता देवी, पति अरुण कुमार और आशा देवी, पति



अशोक कुमार ने मिलकर उनके साथ मारपीट की थी.

**परिवार उजाड़ने की धमकी:** मृतक के पिता के अनुसार, आरोपियों ने मारपीट कर केस दर्ज कर दिया था. जिसके बाद वे जेल में थे. इसी दौरान मेरे बेटे को धमकी की थी कि परिवार को जान से मार देंगे. वंश उजाड़ देने की धमकी दी थी. पिता का आरोप है कि इसी रंजिश के कारण बेटे की हत्या की गई है. जब सुबह खेत की ओर गए तो एक पेड़ के नीचे बेटे का शव मिला. किशोर के गले पर रस्सी के निशान पाए गए हैं, जिससे गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है.

**इंटर का छात्र था किशोर:** मृतक की मां ने बताया कि अभिषेक ने हाल ही में मैट्रिक परीक्षा पास की थी और इंटर में नामांकन कराया था. मां संगीता देवी ने रोते हुए बताया, 'बेटे के बहुत सपने थे, लेकिन दरिंदों ने उसे गला घोंटकर मार दिया. अब हमारा सहारा कौन होगा?'

**छानबीन में जुटी पुलिस:** घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर 8 नामजद ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है. पुलिस के अनुसार, किशोर का शव बरामद कर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.

# 15 साल के नाबालिग ने मासूम को बनाया शिकार, 7 घंटे अंदर पुलिस ने पकड़ा

एजेंसी

**मुंगेर:** बिहार के मुंगेर में 15 वर्षीय नाबालिग लड़के पर अपनी ही पड़ोस में रहने वाली 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है. घटना के बाद इलाके में आक्रोश और तनाव का माहौल है. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुंगेर पुलिस ने तत्परता दिखाई और महज 7 घंटे के भीतर आरोपी को दबोच लिया.

**बहला-फुसलाकर मासूम को ले गया:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह शर्मनाक वारदात रविवार की है. घटना के वक्त मासूम बच्ची घर पर अपनी बुजुर्ग दादी के साथ अकेली थी, जबकि उसकी मां किसी जरूरी काम से बाहर गई हुई थी. इसी का फायदा उठाकर रिश्ते में पड़ोसी लगने वाला 15 वर्षीय नाबालिग आरोपी उनके घर पहुंचा. उसने बच्ची की दादी को अपनी बातों में उलझाया और बच्ची को बाहर घुमाने के बहाने अपने साथ



ले गया.

**मां के घर लौटते ही खुला राज:** घर से कुछ दूरी पर ले जाकर उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. मासूम को तड़पता हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गया. जब पीड़िता की मां काम खत्म कर घर लौटी, तो उसने बच्ची की हालत बिगड़ी हुई देखी. डरी-सहमी मासूम ने रोते हुए अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई. उन्होंने बिना कोई समय गंवाए तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी.

**एसपी के निर्देश पर कार्रवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने तुरंत कड़ा संज्ञान लिया. एसपी के निर्देश पर खड़गपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और एफएसएल की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण और इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेजा.

**देर रात छापेमारी में पकड़ा गया आरोपी:** पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के कड़े रुख के बाद पुलिस की एक विशेष टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की. जहां से उसे बाल सुधार गृह (रिमांड होम) भेज दिया गया है.

**बढ़ती घटनाओं ने खड़े किए सवाल:** इस घटना ने समाज को एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवारों को पहले से कहीं अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है. अपनों और परिचितों पर आंख मूंदकर भरोसा करने का नतीजा अक्सर भयावह रूप में सामने आ रहा है.

### तेज प्रताप यादव के सरकारी आवास पर चोरी, करीबी सहयोगी पर शक

**बिहार :** लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के पटना स्थित सरकारी आवास पर चोरी हुई है. उन्होंने अपने पीए मोतीलाल राय पर चोरी का आरोप लगाया है और सचिवालय थाना में शिकायत कर फआईआर दर्ज करने की मांग की है.तेज प्रताप की शिकायत के अनुसार, सोमवार रात करीब 11:30 बजे उनके ड्राइवर अनिल यादव और उनके साथ रहने वाले विशाल ने मोतीलाल राय को बैग लेकर परिसर से निकलते देखा था. चोरों ने घर की अलमारी से करीब 20 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी, चार पेन ड्राइव, दो हार्ड डिस्क, एक आईपैड, एक मैकबुक, एक लैपटॉप और चार मोबाइल फोन गायब हो गए हैं. तेज प्रताप ने सचिवालय थाना में शिकायत कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की है. इधर सूचना मिलते ही पुलिस रात में ही तेज प्रताप के आवास पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर पूरे मामले की पड़ताल कर रही है.

# अनुपयोगी बोगियों से बनेगा लग्जरी रेस्टोरेंट

एजेंसी

**बिहार :** शाहपुर पटोरी और दलसिंहसराय स्टेशन पर पुराने अनुपयोगी रेलवे बोगियों को आधुनिक रेस्टोरेंट में बदलकर यात्रियों को नई सुविधा देने और गैर- किराया राजस्व को बढ़ाने के लिए सोनपुर मंडल ने पहल की है. इस पहल से रेलवे को हर साल लाखों रूपय का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा. क्षतिग्रस्त और अनुपयोग बोगियों को लग्जरी रेस्टोरेंट में परिवर्तित किया जाएगा.जानकारी के अनुसार, शाहपुर पटोरी स्टेशन पर बनने वाला रेल कोच रेस्टोरेंट सोनपुर मंडल का पांचवा रेल कोच रेस्टोरेंट होगा. साथ ही सोनपुर मंडल को पूर्व मध्य रेलवे में सबसे अधिक रेल कोच रेस्टोरेंट आवेटित करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेगा. इस परियोजना में रेलवे के पुरानी और उपयोग नहीं किए जाने वाले बोगियों को आधुनिक रेस्टोरेंट मे बदल कर यात्रियों और स्थानीय लोगों को खानपान के लिए बेहतर सुविधा दी जाएगी.रेलवे के अनुसार, वाणिज्यिक परिसंपत्तियों



के आवंटन से प्रति वर्ष 8,44,566 रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होंगे. जिससे मंडल के गैर किराया राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी होगी, क्योंकि शाहपुर और दलसिंहसराय दोनों ही एनएसजी-5 श्रेणी के स्टेशन है. जहां यात्रियों का आगमन कम होता है. इस योजना से स्टेशन पर वाणिज्यिक गतिविधियों में लाभ होने की संभावना है.इस योजना से यात्रियों को अनोखा और यादगार अनुभव मिलेगा. साथ ही आकर्षक माहौल में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे. यह सिर्फ यात्रियों के अनुभव को ही नहीं बल्कि स्थानीय लोगों के लिए नया आकर्षण बन जाएगा. जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेगी.क्षतिग्रस्त और अनुपयोग किए जाने वाले रेलवे बोगियों को इससे नई पहचान मिलेगी, और रेलवे परिसंपत्तियों के बहतर उपयोग से आय बढ़ाने के योजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा.

# मेस्सी का 'मैजिक', लगातार 7 विश्व कप में गोल करने वाले दुनिया के बने पहले खिलाड़ी



अर्लिंग्टन

लियोनेल मेस्सी का विश्व कप में रिकॉर्ड ब ना ने का सिलसिला जारी है और अब वह विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर लगातार सात मैचों में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

इस स्टार स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जॉर्डन के खिलाफ ग्रुप चरण के अंतिम मैच में 3-1 से जीत के दौरान अपना 19वां गोल करके विश्व कप में सर्वाधिक गोल के अपने रिकार्ड को भी आगे बढ़ाया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आकर यह कारनामा किया।



### फ्री किक से किया 72वां गोल

39 साल के होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे मेस्सी ने 80वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के ठीक बाहर गिराए जाने के बाद फ्री किक पर गोल किया। घास की सतह से थोड़ा ऊपर उठी उनकी नीची किक जॉर्डन के दो डिफेंडरों को भेदकर दनदनाती हुई नेट के बाएं कोने में चली गई। इससे पहले मेस्सी फ्रांस के स्ट्राइकर जस्ट फॉन्टेन और ब्राजील के महान खिलाड़ी जैरजिन्हो के साथ विश्व कप के लगातार छह मैचों में गोल करने वाले केवल तीन खिलाड़ियों में से एक थे। यह उनके करियर का फ्री किक पर किया गया 72वां गोल था। इनमें से 12 गोल उन्होंने अर्जेंटीना के लिए किए हैं। मेस्सी ने अब तक 202 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 123 गोल किए हैं और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने के रिकॉर्ड के मामले में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 145 गोल के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

**मेस्सी ने 19वें गोल के साथ विश्व कप में फिर बनाया नया रिकॉर्ड**

**ग्रुप चरण के अंतिम मैच जॉर्डन पर अर्जेंटीना की 3-1 से जीत**

## ईरान बाहर, नॉकआउट में ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया

**कनसास सिटी।** ऑस्ट्रिया और अल्जीरिया दोनों ने एक रोमांचक मुकाबले में इंजरी टाइम में गोल करके ग्रुप जे का अपना आखिरी मैच 3-3 से ड्रॉ खेला और विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में जगह बनाई, जिससे ईरान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इस मैच का अंत बेहद रोमांचक रहा, जिसमें एक समय ईरान की अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद बन गई थी लेकिन अमेरिका के साथ युद्ध के कारण यात्रा प्रतिबंधों से जुड़ी समस्याएं झेलने वाले इस एशियाई देश की टीम को अब स्वदेश लौटना होगा। मैच के आखिरी मिनटों में स्कोर 2-2 से बराबर था। तभी अल्जीरिया के रियाद महरेज ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दाग दिया।



## कांगो पहली बार नॉकआउट में, उज्बेकिस्तान को हराया

**अटलांटा।** योआने विस्सा के दो गोल और फिस्टन मायेले के एक गोल की मदद से कांगो ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया।

## कोलंबिया ने पुर्तगाल को ड्रॉ पर रोका



**मियामी गार्डन्स।** पुर्तगाल और कोलंबिया की टीम मैच शुरू होने से पहले ही विश्व का फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी लेकिन अब मुकाबला ग्रुप विजेता बनने के लिए था। मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जिससे कोलंबिया ग्रुप के में पहले स्थान पर रहा। इस मैच को लेकर काफी चर्चा थी लेकिन यह किसी भी समय रोमांच की पराकाष्ठा तक नहीं पहुंचा। कोलंबिया ने तीन मैच में से दो मैच जीते और एक ड्रॉ कराया और उसने सात अंक के साथ ग्रुप चरण का समापन किया। पुर्तगाल एक जीत और ड्रॉ के साथ पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

## घाना को मात देकर नॉकआउट में क्रोएशिया



**फिलाडेल्फिया।** लुका मोड्रिक ने कॉर्नर किक को छह गज वाले बॉक्स के शीर्ष तक पहुंचाया और निकोला वलासिच ने कई खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऊंची छलांग लगाकर गेंद को हेडर से गोल में पहुंचा दिया, जिससे क्रोएशिया ने घाना को 2-1 से हराकर शान के साथ विश्व कप फुटबॉल के अगले दौर में जगह बनाई। इस तरह से 40 वर्षीय मोड्रिक विश्व कप इतिहास में गोल में मदद करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। क्रोएशिया की तरफ से वलासिच (83वें मिनट) के अलावा पीटर सुसिच (31वें) ने भी गोल किया। घाना के लिए डेरिक लुकासेन ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल दागा था। इस जीत से क्रोएशिया ने छह अंक लेकर ग्रुप एल में इंग्लैंड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया जबकि घाना चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। क्रोएशिया पिछले विश्व कप में कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रहा था।


**खबर संक्षेप**



### चेक लेडीज टूर्नामेंट: भारतीय तिकड़ी ने किया कट हासिल

**बेरोन।** पूर्व चैंपियन दीक्षा डागर ने टिप्सपोर्ट चेक लेडीज ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड बनाकर भारत के लिए उम्मीद बरकरार रखी है। उन्होंने अपनी साथी गोल्फर प्रणवी उर्स (67) और वाणी कपूर (70) के साथ रॉयल बेरोन गोल्फ क्लब में कट हासिल कर भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। दीक्षा ने 2019 में यह टूर्नामेंट जीता था और लेडीज यूरोपीय टूर पर शानदार फॉर्म में चल रही हैं। उन्होंने अपने शुरुआती दिन के 66 के स्कोर के बाद दूसरे दौर में एक अंडर 69 का कार्ड शामिल किया। इस तरह पिछले हफ्ते डच लेडीज ओपन में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहने वाली दीक्षा 36 होल के बाद नौ अंडर पार स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रही गोल्फर से चार शॉट पीछे हैं और अंतिम दिन से पहले अच्छी स्थिति में हैं।

### ब्लॉट प्ले9 : शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब तलवार



**प्लेन्यूफ।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट के तीसरे दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेलने के दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाईं, जिससे वह शीर्ष 10 में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। वह अब 54 होल में पांच अंडर पर हैं। उन्होंने इससे पहले 68 और 67 के कार्ड खेले। इस सत्र में डीपी विश्व पीजीटीआई टूर रैंकिंग में सबसे आगे चल रहे तलवार अब संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं और अभी एक दौर और बाकी है। शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी को अगले सत्र के लिए डीपी विश्व टूर में जगह मिलती है प्लानर रैंकिंग के शीर्ष 15 खिलाड़ियों को भी मुख्य टूर में जगह मिलती है।

## खिताब का बचाव करने उतरेंगे सिनर अल्काराज चोट के कारण हुए बाहर

लंदन

ग्रास-कोर्ट सीजन अपने सबसे बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। सोमवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन 2026 की शुरुआत होगी। लंदन में होने वाले इस रोमांचक टूर्नामेंट में जाने-माने चैंपियन, उभरते हुए सितारे और कुछ दिग्गज खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे।

वर्ल्ड नंबर-1 यानिक सिनर मौजूदा चैंपियन होने के दबाव के साथ टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इटली के इस खिलाड़ी ने पिछले साल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। अल्काराज कलाई की चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में सिनर के पास पुरुषों के टेनिस में अपनी शीर्ष स्थिति को और मजबूत करने का शानदार मौका है। सिनर यहां अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने और अपने टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव करने के इरादे से आए हैं। सेरेना विलियम्स ने सिंगल्स टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड स्वीकार कर लिया है, जो डबल्स ड्रॉ में अपनी बहन वीनस विलियम्स के साथ फिर से जोड़ी बनाएंगी।



**वापसी के साथ सेरेना लगाएंगी चार चांद**

**आज ऑल इंग्लैंड क्लब में विंबलडन की शुरुआत**

### जोकोविच ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने उतरेंगे

हालांकि, पुरुषों का ड्रॉ आसान नहीं है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन की ट्रॉफी जीतने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज हैं, जबकि नोवाक जोकोविच एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के इरादे से एलडब्ल्यू19 (विंबलडन) लौट रहे हैं। 7 बार के विंबलडन चैंपियन रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाते हुए अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। 39 साल के होने के बावजूद, ग्रास कोर्ट पर वे अब भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

### सबालेंका टॉप सीड में सबसे आगे

वहीं महिलाओं के वर्ग में, आर्यना सबालेंका टॉप सीड के तौर पर ड्रॉ में सबसे आगे हैं और अपना पहला विंबलडन खिताब जीतने की कोशिश करेंगी। साल 2022 की चैंपियन एलेना रयबाकिना ग्रास कोर्ट के अनुकूल खेल के साथ उतरी हैं, जबकि मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक पिछले साल की जीत को दोहराने की कोशिश करेंगी। मीरा एंड्रीवा, कोको गॉफ, अमांडा अनिसिमोवा और पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और बारबोरा क्रेजिकोवा की मौजूदगी में अनुभवी विजेताओं और उभरते हुए दावेदारों का एक शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।

## रोमांचक मुकाबले में जीते श्रीकांत, फाइनल में प्रवेश

फुलर्टन

भारत के स्टार खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जापान के युदाई ओकिमोतो को हराकर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। विश्व में 38वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने विश्व रैंकिंग में 33वें नंबर के ओकिमोतो पर 72 मिनट में 22-20, 15-21, 21-19 से जीत दर्ज कर इस सत्र के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा।

- **अमेरिकी ओपन: अब यांग से अगला मुकाबला**



### *रौनक का सफर समाप्त*

*युवा शटलर रौनक चौहान का शानदार अभियान दूसरे पुरुष एकल सेमीफाइनल में सु ली यांग से 17-21 19-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल में छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग 54 मिनट तक चले सेमीफाइनल में डेनमार्क की दूसरी वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन से 21-15, 11-21, 15-21 से हार गईं।*

## विश्वकप से बाहर हुई न्यूजीलैंड डिवाइन, सूजी और ताहुहू का संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड में खेले जा रहे महिला आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से गत चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम बाहर हो गई। इंग्लैंड के खिलाफ जैसे ही टीम को हार मिली, उनकी दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन, सूजी बेट्स और ली ताहुहू का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया। इन तीनों को इंग्लैंड की खिलाड़ियों ने मैच के बाद 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर विदाई भी दी। अब न्यूजीलैंड के लिए ये तीनों खिलाड़ी कभी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलती नजर नहीं आएंगी। न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में जाने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ हर हाल में जीत चाहिए थी। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 20 ओवर में 163 रन का स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने बड़ी आसानी से 17.2 ओवर में एक विकेट पर 164 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।



**विमेंस टी20 वर्ल्ड कप**

## बांग्लादेश की 4 विकेट से हार दूसरे पायदान पर साउथ अफ्रीका



लंदन

साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार को विमेंस टी20 वर्ल्ड कप का लीग मैच 4 विकेट से गंवाने के साथ बांग्लादेशी टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी भी काफी धीमी नजर आई, लेकिन टीम ने जीत हासिल करते हुए 'ग्रुप-ए' की प्वाइंट्स टेबल में दूसरा पायदान हासिल कर लिया है। रविवार को लॉर्ड्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी बांग्लादेशी टीम ने 5 विकेट खोकर 117 रन बनाए। इस टीम ने 14 के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सोभना मोस्तरी ने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंदों में 56 रन की साझेदारी की शर्मिन 29 गेंदों में 22 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि सोभना ने 48 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 42 रन बनाए। इसके बाद कप्तान निगार सुल्ताना ने 20 गेंदों में 1 छक्के और 4 चौकों के साथ 32 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जैसे-तैसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### साउथ अफ्रीका ने किया 19.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम

इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 19.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस टीम को पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (0) के रूप में बड़ा झटका लग गया था। यहां से ताजमिन ब्रित्ज ने एनेरी डर्कसेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। ताजमिन 24 गेंदों में 2 चौकों के साथ 20 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद एनेरी ने मोर्चा संभाला, जिन्होंने 45 गेंदों में 2 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 45 रन बनाए। इस दौरान मारिजैन कप्प के साथ चौथे विकेट के लिए 28 रन जुटाए। टीम ने 4 गेंदें शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्प ने 16 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि नादिन डी क्लार्क ने 15 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से नाहिदा अख्तर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। मारुफा अख्तर, संजीदा अख्तर और रितू मोनी ने 1-1 विकेट निकाला।

**इंटारो ओपन टूर्नामेंट में जीती ट्रॉफी, फ्रांस के बालशॉ को हराया**

## नागल ने किया दो साल का खिताबी सूखा खत्म

नई दिल्ली

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने रोमानिया के टार्गु मुरेस में खेले गए इंटारो ओपन क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में फ्रांस के क्वालीफायर फेलिक्स बालशॉ को 6-3, 7-5 से हराकर दो साल से ज्यादा समय में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता।

इस जीत के साथ ही चैलेंजर स्तर पर नागल का खिताबी सूखा भी खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने जून 2024 में जर्मनी में हेलब्रॉन चैलेंजर जीता था। यह इस 28 वर्षीय खिलाड़ी का कुल सातवां एटीपी चैलेंजर एकल खिताब था और क्ले कोर्ट पर यह उनकी पांचवीं ट्रॉफी थी, जो इस कोर्ट के प्रति उनके लगाव को दर्शाती है।

### *हासिल किए 75 एटीपी रैंकिंग अंक*

*नागल खराब दौर के बाद अपनी रैंकिंग को फिर से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं और इस खिताब से उन्होंने 75 एटीपी रैंकिंग अंक हासिल किए। उम्मीद है कि नयी रैंकिंग जारी होने पर वह दुनिया में लगभग 219वें नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्हें अपनी इस कामयाबी के लिए 15,510 यूरो की पुरस्कार राशि भी मिली।*




### नागल ने खेला शानदार खेल

भारतीय खिलाड़ी ने बेसलाइन से शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि बालशॉ मुकाबले में बने हुए थे। हालांकि नागल ने मैच के आखिरी पलों में संयम बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत हासिल की। यह खिताब नागल के लिए सही समय पर आया है क्योंकि इससे उनका मनोबल बढ़ेगा। दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह फिर से बनाने की कोशिश में जुटे नागल ने इस सत्र का अधिकतर समय चैलेंजर सर्किट पर खेलते हुए बिताया है।इस टूर्नामेंट से पहले उन्होंने 13 चैलेंजर टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और दूसरे दौर से आगे बढ़ने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस ट्रॉफी से पहले उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन मोल्दोवा में चिसिनाउ टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल तक जगह बनाना रहा था।

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान का हवाई हमला : 35 नागरिकों की मौत का किया दावा, मलबे में तब्दील हुए रिहायशी इलाके

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव एक बार फिर गहरा गया है। खबरों के अनुसार, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के अंदरूनी इलाकों में रात के समय हवाई हमले किए। अफगान सूत्रों का दावा है कि इन हमलों में बच्चों और बुजुर्गों समेत 35 से अधिक नागरिकों की मौत हुई है। यह सैन्य कार्रवाई कराची में पाकिस्तान रेंजर्स के मुख्यालय पर हुए हमले के एक दिन बाद की गई है, जिसके लिए इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान में सक्रिय उग्रवादी समूहों को जिम्मेदार ठहराया है।



### पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अलग-अलग दावे

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने आधिकारिक बयान में कहा कि यह अभियान टीटीपी और अन्य उग्रवादी समूहों के ठिकानों को लक्षित करके चलाया गया था। उनके अनुसार, इस कार्रवाई में 29 उग्रवादियों को मार गिराया गया है। इसके विपरीत, अफगान सूत्रों ने पाकिस्तान के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका आरोप है कि हमले में रिहायशी इलाकों और मस्जिदों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### डबल-टैप हमलों के आरोप

स्थानीय निवासियों ने इन हमलों के दौरान कथित तौर पर 'डबल-टैप' स्ट्राइक का आरोप लगाया है। दावा किया गया है कि जब ग्रामीण मलबे में दबे लोगों को बचाने के लिए वहां पहुंचे, तो उसी स्थान पर दोबारा हवाई हमले किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वहां कोई भी उग्रवादी मौजूद नहीं था, बल्कि वे आम नागरिक थे जो अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। अफगान सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान वायु सेना के विमानों ने पक्तिका प्रांत के ग्यान, पक्तिया प्रांत के चमकाने और कुनार प्रांत के मारवारा जिलों में हमले किए। इन हमलों में घरों और धार्मिक स्थलों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। अस्पतालों में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भर्ती कराया गया है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पाकिस्तान का तर्क है कि वह टीटीपी के सुरक्षित ठिकानों को नष्ट करने के लिए मजबूर है और उसने कई बार काबुल प्रशासन से इन समूहों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने क्षेत्र से पाकिस्तान के खिलाफ गतिविधियां चलाने के आरोपों को हमेशा नकारा है।

# पश्चिमी यूरोप हीटवेव की चपेट में, फ्रांस में एक हजार से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी

**पेरिस।** पश्चिमी यूरोप जानलेवा गर्मी और हीटवेव की चपेट में है. खास कर फ्रांस सर्वाधिक प्रभाव में है. फ्रांस के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रविवार को आंकड़े जारी कर बताया कि अब तक भीषण गर्मी के कारण देश में 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. गर्मी के कारण एसी की बिक्री में भारी उछाल आया है फ्रांस के अलावा जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन, डेनमार्क, इटली और स्विट्जरलैंड समेत 16 देशों में भीषण गर्मी से त्राहिमाम है. तापमान के कारण दशकों पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हो गये हैं, न्यूज एजेंसी एएफपी अनुसार रविवार को यूरोप के अधिकतर शहरों में 35 डिग्री



सेल्सियस या उससे अधिक तापमान दर्ज किया गया. इन देशों में सड़कें पिघल रही हैं, स्कूल बंद किये जा रहे हैं. जंगलों में आग लग रही है. फ्रांस के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से पारा लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है. इस कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. पब्लिक हेल्थ फ्रांस, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी है, उसने आधिकारिक बयान दिया है कि 24 जून के बाद से देश में मौतों की संख्या मेंअप्रत्याशित बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है. अधिकारियों ने स्पष्ट कहा, मौसम विभाग ने जिन क्षेत्रों गर्मी के लिए रेड अलर्ट जारी किया था, वहां स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर बनी रही. भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण मरने वालों में बड़ी संख्या बुजुर्ग शामिंल रहे. मरने वालों में 85 फीसदी लोग 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के थे. स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार हीटवेव के दौरान सर्वाधिक मौतें अस्पतालों के बजाय के घरों में दर्ज की गयी हैं. पेरिस शहर औरआस-पास के महानगरीय इलाकों में समस्या विकराल देखी गयी. एजेंसी सचेत किया कि बड़े शहरों में अकेले रह रहे वृद्ध और लाचार लोगों की इस मौसम में विशेष देखभाल की जानी चाहिए.

# दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026 पास, पुरानी कार स्क्रैप कराने पर पाएं 1 लाख रुपये का बंपर फायदा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सोमवार को 'दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026' को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस पॉलिसी को केंद्र सरकार का समर्थन मिल गया है और अब इसे 1 जुलाई, 2026 से लागू करने से पहले अंतिम मंजूरी के लिए उप-राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। 31 मार्च, 2030 तक लागू रहने वाली यह पॉलिसी, पुरानी और प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों की जगह जीरो-एमिशन (बिना प्रदूषण वाली) गाड़ियां लाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए खरीद पर सब्सिडी के साथ-साथ स्क्रैपेज इंसेंटिव (पुरानी गाड़ी कबाड़ में देने पर मिलने वाला




लाभ) पर भी जोर देती है। इस पॉलिसी का मकसद जीरो-एमिशन गाड़ियों को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय राजधानी को साफ-सुथरे और प्रदूषण-मुक्त ट्रांसपोर्ट हब में बदलना है। सरकार का अनुमान है कि अगले चार सालों में 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का सीधा निवेश होगा, जबकि नागरिकों को मिलने वाला कुल फायदा जिसमें टैक्स में छूट और एश इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। 15,000 करोड़ रुपये से ज्यादा होने की उम्मीद है।

इस पॉलिसी की एक खास बात इसका स्क्रैपेज इंसेंटिव फ्रेमवर्क है। जो लोग बीएस-4 या उससे पुराने दो-पहिया वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलेंगे, उन्हें 10,000 रुपये का अतिरिक्त स्क्रैपेज इंसेंटिव मिलेगा, जबकि तीन-पहिया वाहनों के मालिकों को 25,000 रुपये और ठ1 कमर्शियल ट्रक मालिकों को 50,000 रुपये तक का इंसेंटिव मिलेगा। BS-IV या उससे पुरानी चार-पहिया गाड़ियों को इलेक्ट्रिक कारों से बदलने वाले मालिक 1 लाख रुपये के स्क्रैपेज इंसेंटिव के हकदार होंगे। ये फायदे पॉलिसी के तहत घोषित खरीद इंसेंटिव के अलावा मिलेंगे।

सरकार ने सभी पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस से 100% छूट की भी घोषणा की है। चार-पहिया वाहनों के लिए, यह छूट 30 लाख रुपये तक की एक्स-शोरूम कीमत वाली गाड़ियों पर लागू होगी। कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पॉलिसी स्टेकहोल्डर्स के साथ व्यापक बातचीत और कई दौर की चचाओं के बाद तैयार की गई थी। उन्होंने कहा, हर स्तर पर चर्चा के बाद हम यह ड्राफ़्ट तैयार कर पाए, और आज कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। 1 जुलाई से लागू होने के बाद, दिल्ली में गाड़ी खरीदने वाला हर व्यक्ति इस पॉलिसी का फायदा उठा सकेगा। केंद्र की भूमिका पर जोर देते हुए, रेखा गुप्ता ने इस पहल को समर्थन देने के लिए पीएम मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण एक ऐसी चुनौती है जिसके लिए पूरे नेशनल कैपिटल रीजन में मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, देश के किसी भी राज्य ने ईवी अपनाने के लिए इतना समर्थन नहीं दिया है। दिल्ली ईवी पॉलिसी 2026 एक क्रांतिकारी पॉलिसी होगी जो दिल्ली को पर्यावरण के अनुकूल, किफायती और भविष्य के लिए तैयार बनाएगी। इस पॉलिसी में लागू करने के लिए बड़े लक्ष्य भी तय किए गए हैं, जैसे 32,000 पब्लिक ईवी चार्जिंग पॉइंट बनाना और इलेक्ट्रिक कमर्शियल गाड़ियों, दो-पहिया वाहनों और संस्थागत बेड़े के लिए चरणबद्ध नियम लागू करना। इससे गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और राजधानी में हवा की गुणवत्ता सुधारने की सरकार की रणनीति को और मजबूती मिलेगी।

## संक्षिप्त खबर

### जम्मू कश्मीर : उपराज्यपाल ने की 'प्रथम पूजा', अमरनाथ यात्रा की शुरूआत

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को दक्षिण कश्मीर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में प्रथम पूजा की. इसके साथ ही तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक



शुरूआत हो गई. उपराज्यपाल ने बाबा बफानी के दर्शन और आशीर्वाद लिया और सभी के लिए शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य और भलाई के लिए प्रार्थना की. उन्होंने बाबा बफानी के भक्तों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रा में शामिल होने की अपील करते हुए इस आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव करने का भी अनुरोध किया. उन्होंने कहा कि प्रशासन, श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अलावा सेना, पुलिस, सुरक्षा बल, स्थानीय समुदाय, सेवा प्रदाता और स्वयंसेवक भक्तों के लिए सुरक्षित, निर्बाध और यादगार तीर्थयात्रा के लिए पूरी तरह से समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं. सिन्हा ने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचा, अच्छी सुविधाओं और लोगों के सहयोग के साथ अधिकारी तीर्थयात्रियों का आध्यात्मिक रूप से संतोषजनक यात्रा के लिए स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. बता दें कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड प्रतिवर्ष ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गुफा मंदिर में प्रथम पूजा का आयोजन करता है. 57 दिनों की अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को दो पारंपरिक मार्गों, अनंतनाग जिले में पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग से औपचारिक रूप से प्रारंभ हो जाएगी. अमरनाथ यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन पर संपन्न होगी. उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विशेष डीजी (समन्वय) एसजेएम गिलानी, एसएएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनदीप भंडारी और कश्मीर के मंडल आयुक्त अंशुल गर्ग ने भी बाबा बफानी के दर्शन किए.

### मॉनसून की बारिश से मुंबई शहर त्राहिमाम, अधिकतर इलाके पानी पानी हो गये

**मुंबई।** मॉनसून की बारिश से मुंबई शहर त्राहिमाम है. शहर के अधिकतर इलाके पानी पानी हो गये हैं. सड़कों पर तालाब का नजारा है. लोग अपने घरों में कैद से हो गये हैं. अंधेरी सबवे (अंडरपास) में पानी भर जाने के कारण यातायात ठप पड़ गया है. मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं भी बारिश की वजह से प्रभावित हुई हैं. खबर है कि रविवार रात भर बारिश हुई है. विले पार्ले, सांताक्रूज, बांद्रा, जुहू, वसोर्वा सहित अंधेरी, खार, मालाड, गोरेगांव आदि इलाके सर्वाधिक प्रभावित हैं. बृहन्मुंबई नगर निगम ने जानकारी दी है कि वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पानी भर गया है. गाड़ियों रेंग रही हैं. प्रशासन ने लोगों से बिना जरूरी काम के घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील की है. अंधेरी सबवे पानी भर जाने के कारण बंद कर दिया गया है. अंधेरी सबवे से रोजाना हजारों गाड़ियां गुजरती है. यह लाइफ लाइन ठप होने से लाखों लोगों पर असर पड़ा है.

### राम मंदिर चंदा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्ट का जल्द सुनवाई से इनकार, छुट्टियों के बाद सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार को राम मंदिर चंदा चोरी मामले में दायर याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार करते हुए इसे रेगुलर बेंच के पास भेज दिया, रेगुलर बेंच छुट्टियों के बाद इस पर सुनवाई करेगी.



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में फिलहाल जल्द सुनवाई की जरूरत नहीं है. कोर्ट ने याचिका को छुट्टियों के बाद रेगुलर बेंच में लिस्ट करने का आदेश दिया. याचिकाकर्ता ने कोर्ट को जानकारी दी कि रजिस्ट्री ने संकेत दिया था कि मामला कोर्ट की छुट्टियों के बाद ही लिस्ट किया जा सकेगा. याचिकाकर्ता ने अंदेशा जताया कि तब तक इलेक्ट्रॉनिक सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है. याचिकाकर्ता की बात पर रउ याचिकाकर्ता को सलाह दी कि आप जल्द सुनवाई की मांग पर विचार करने के लिए जरूरी वजह बताते हुए एक पत्र सकुर्लेट करें. एक खबर और आयी है. राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय का बयान को दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार पुलिस अनिल मिश्रा और ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों के बयान भी दर्ज करेगी. याद करें कि राम मंदिर चंदा चोरी मामले में पुलिस आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. इनमें अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, राम शंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव शामिल हैं, ये लोग राम मंदिर में दान की नकदी और कीमती सामान गिनने के काम से जुड़े हुए थे.

### नोएडा के सेक्टर 119 की अरण्य सोसाइटी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**नोएडा।** गर्मियों के मौसम में एयर कंडीशनर फटने से होने वाले हादसों ने एक बार फिर डराना शुरू कर दिया है। दिल्ली-एनसीआर के रिहायशी इलाकों में गहराते इस खतरे के बीच, सोमवार सुबह नोएडा से एक बेहद



खौफनाक तस्वीर सामने आई। यहां के सेक्टर 119 स्थित प्रसिद्ध 'अरण्य सोसाइटी' की एक गगनचुंबी इमारत में अचानक भयंकर आग लग गई, जिससे पूरी सोसाइटी में कोहराम मच गया। टावर की ऊपरी मंजिल से उठतीं आग की ऊंची लपटों और धुएं के काले गुबार को देखकर लोग जान बचाने के लिए नीचे की तरफ भागे। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फौरन इसका संज्ञान लिया और प्रशासन को राहत कार्यों में पूरी ताकत झोंकने के साथ-साथ सोसायटियों के सुरक्षा मानकों की जांच के कड़े निर्देश जारी किए हैं। स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, यह पूरा हादसा सोमवार सुबह उस वक्त हुआ जब अरण्य सोसाइटी के एक टावर के 22वें फ्लोर पर स्थित एक फ्लैट की बालकनी में लगे एसी में अचानक तकनीकी खराबी के चलते जोरदार ब्लास्ट हो गया। इस विस्फोट के बाद बालकनी में रखी अन्य सामग्रियों ने तुरंत आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# हरियाणा-राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता, गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुआ एमओयू

एजेंसी

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़ :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हरियाणा और राजस्थान के बीच ऐतिहासिक जल समझौता (एमओयू) हुआ है.

### प्यासे को पानी उपलब्ध करवाना सांझी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हरियाणा राजस्थान में ऐतिहासिक यमुना जल परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किए. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल का आभार जताया है. 1994 के समझौते के अनुसार जुलाई से लेकर अक्टूबर तक वर्षा के पानी को राजस्थान को पेयजल के लिए



उपलब्ध करवाया जाएगा. वर्षा के पानी को हथिनीपुर बैराज से पाइपलाइन के माध्यम से राजस्थान भेजा जाएगा. सीएम ने इस दौरान कहा कि हमारे बुजुर्गों और सनातन संस्कृति के अनुसार प्यासे को पानी उपलब्ध करवाना हम सब की सांझी जिम्मेदारी है.

### हरियाणा-राजस्थान में ऐतिहासिक जल समझौता

हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी ने एमओयू की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमित शाह की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हरियाणा और राजस्थान के बीच ऐतिहासिक जल समझौता (एमओयू) हुआ है. 1994 के अपर यमुना रिवर बोर्ड समझौते के अनुसार राजस्थान को पानी उपलब्ध करवाया जाएगा और रेणुका, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं को नई गति मिलेगी. ये समझौता जल प्रबंधन, अंतर्राज्यीय सहयोग और जल-सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में ये महत्वपूर्ण समझौता संपन्न हुआ है.

# योगी आदित्यनाथ फूल एक्शन में, आगरा में अफसरों को दी चेतावनी कहा- घटिया काम पर दर्ज होगी एफआईआर

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य में विकास, सुशासन और जन-कल्याण के प्रयासों को नई गति मिलेगी। उन्होंने पीलीभीत की बरखेड़ा और बिसलपुर विधानसभा सीटों पर 569 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 66 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुरादाबाद में भी उन्होंने 365 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 63 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ नगर निगम और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की परियोजनाएं भी शामिल थीं। एक दिन पहले, आदित्यनाथ ने आगरा डिवीजन के लिए विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजना की



समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में क्वालिटी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिविजनल कमिश्नर के ऑडिटोरियम में एक हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कार्यों में कमियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और किसी भी हाल में क्वालिटी से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगरा, जो अब एक मेट्रो शहर है, वहां मेट्रो स्टैंडर्ड के हिसाब से पानी की सप्लाई, सड़कें, सीवरेज और शहर को सुंदर बनाने की सुविधाएं होनी चाहिए। सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत रोक लगाएं और सड़कों को नुकसान पहुंचाने वाले वाहन मालिकों से मरम्मत का खर्च वसूलें। उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत योजना, सीवर लाइन प्रोजेक्ट और अन्य बुनियादी ढांचा कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों की खराब मरम्मत पर भी नाराजगी जताई। आदित्यनाथ ने चेतावनी दी कि खराब क्वालिटी के निर्माण के लिए इंजीनियर और ठेकेदार सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे घटिया काम के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें और कानूनी कार्रवाई शुरू करें। मुख्यमंत्री ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के कारण आगरा एयरपोर्ट के विस्तार, नए पुलों के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं में आ रही कानूनी अड़चनों की भी समीक्षा की।

# जिनपिंग का 'एंटी-करप्शन' हंटर, संसद से 6 टॉप मिलिट्री कमांडर हटाए गए

एजेंसी

**संघाई।** चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी ही सेना 'पीपल्स लिबरेशन आर्मी' के भीतर चल रही अंदरूनी हलचल को दबाने के लिए अब तक की सबसे बड़ी दंडात्मक कार्रवाई को अंजाम दिया है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' द्वारा जारी आधिकारिक जानकारियों के मुताबिक, देश की सर्वोच्च विधायी संस्था 'नेशनल पीपल्स कांग्रेस' की स्टैंडिंग कमेटी ने एक विशेष नोटिस जारी कर छह बड़े सैन्य सांसदों की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। इसके अलावा, इस कार्रवाई की जद में चीन के कई शीर्ष राजनीतिक चेहरे और पूर्व वित्तीय नीति निमार्ता भी आए हैं, जिससे बीजिंग के सत्ता गलियारों में हड़कंप मच गया है।

### जनरल शू शुयुछियांग और वेस्टर्न थिएटर कमांड के जनरल ली फेंगबियाओ समेत ये नाम शामिल

जांच एजेंसियों के अनुसार, जिन



बड़े सैन्य अधिकारियों को हटाया गया है, उनमें जनरल शू शुयुछियांग का नाम सबसे ऊपर और संवेदनशील माना जा रहा है। जनरल शू चीन की सेना के लिए हथियार और अत्याधुनिक उपकरण बनाने, उन्हें खरीदने और उनकी टेस्टिंग का जिम्मा संभालने वाले 'सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के इक्विपमेंट डेवलपमेंट डिपार्टमेंट' के सर्वेसर्वा थे। इसके साथ ही, वे साल 2022 से चीन के सबसे महत्वाकांक्षी 'मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम' के कमांडर-इन-चीफ का पद भी संभाल रहे थे। उनके अलावा, भारत से सटी सीमा की कमान संभालने वाली पीएलए की वेस्टर्न थिएटर कमांड में पॉलिटिकल कमिश्नर के पद पर तैनात जनरल ली फेंगबियाओ और पीएलए एयरफोर्स में पॉलिटिकल कमिश्नर के तौर पर काम कर रहे जनरल गुओ पुशियाओ को भी उनके पद से बेदखल कर दिया गया है। अन्य कमांडरों में ईस्टर्न थिएटर कमांड से वांग कांगपिंग, साइबरस्पेस फोर्स से झांग मिंगहुआ और आर्मी के सीनियर अधिकारी यिन होंगशिंग शामिल हैं। इस मिलिट्री पर्ज के दायरे में केवल सेना के कमांडर ही नहीं, बल्कि चीनी सरकार के बड़े नीति निमार्ता भी शामिल हैं। जिनपिंग प्रशासन ने हाल ही में गंभीर जांच के घेरे में आए पूर्व वित्तीय नियामक प्रमुख ली युंझे और कम्युनिस्ट पार्टी की सबसे ताकतवर इकाई पोलित ब्यूरो की सदस्य मा शिंगरुई को भी उनके पदों से हटा दिया है।

### 'रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों का अपमान किया, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए' : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के शहीदों का अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे इस्तीफे की मांग की. 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद हुए छह जवानों के नाम जारी करने के बाद कांग्रेस ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला है. देश के लोगों से शहीदों के नाम छिपाने का आरोप लगाया है. पार्टी ने रक्षा मंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस के दौरान संसद में झूठ बोला था कि हमारे सैनिकों को कोई नुकसान नहीं हुआ है. कांग्रेस ने रक्षा मंत्री का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी सांसदों से भी माफी मांगने की बात कही. रक्षा मंत्रालय ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है. कहा है कि ऐसी खबरें गलत हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान छह जांबाज सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को हाल ही में पहली बार स्वीकार किया गया है या सार्वजनिक रूप से सामने लाया गया है. रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश ने इन शहीद नायकों को सबसे पहले और संबंधित रिपोर्टों के सामने आने से बहुत पहले ही श्रद्धांजलि अर्पित कर दी थी. पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य की मौजूदगी में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के शहीदों का अपमान किया है और उन्हें नजरअंदाज किया है.

# खामेनेई का अंतिम संस्कार : भारत से केंद्रीय मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल होंगे शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए भारत सरकार ने अपने प्रतिनिधि भेजने का निर्णय लिया है। भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस अंतिम संस्कार के लिए आमंत्रित किया था। अयातुल्ला अली खामेनेई का अंतिम संस्कार कार्यक्रम 4 जुलाई से शुरू होगा और इसका समापन 9 जुलाई को मशहद शहर में होगा, जो उनका जन्मस्थान है। इससे पहले, 7 जुलाई को तेहरान के दक्षिण में स्थित पवित्र शहर कोम में भी विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे। 86 वर्षीय खामेनेई की मृत्यु 28 फरवरी को हुई थी, जब तेहरान पर इजराइली और अमेरिकी हवाई हमले हुए थे। उन्होंने 36 वर्षों तक ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में नेतृत्व किया था।



### भारी जनसमूह उमड़ने की संभावना

अधिकारियों का अनुमान है कि इस अंतिम संस्कार में तेहरान, मशहद और कोम शहरों में लगभग 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। अगर यह संख्या इतनी रहती है, तो यह 1989 में ईरान के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए 1 करोड़ लोगों के रिकॉर्ड को पार कर सकता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित कई वैश्विक नेताओं के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। खामेनेई के निधन के बाद से उनके बेटे मोजतबा हुसैनी खामेनेई 8 मार्च से ईरान के सर्वोच्च नेता के रूप में कार्य कर रहे हैं। हालांकि, उनके स्वास्थ्य और ठिकाने को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं।



# बेटियों के साथ भेदभाव के मुद्दे को उजागर करेगी 'रेवा'

**मुंबई।** 'रेवाः द अनसीन वुंड' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है। यह फिल्म समाज में लड़कियों के साथ होने वाले भेदभाव के गंभीर मुद्दे को सामने लाती है। निर्देशक पराग चापेकर एक शॉर्ट फिल्म लेकर आए हैं। इस फिल्म का नाम 'रेवा' है। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है। इसमें रावी कौर लुबाना ने रेवा का किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माताओं ने बताया कि यह कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह एक ऐसी मासूम लड़की की दर्दनाक कहानी है, जिसे उसके अपने ही परिवार ने भेदभाव की वजह से मार डाला था। कई साल बाद, एक आध्यात्मिक जुड़ाव के जरिए उसका सच सबके सामने आता है, जो न्याय और पुनर्जन्म को दर्शाता है।

लाइफ Style

# ईशा

## काम के प्रति ईमानदार होने की जरूरत

अभिनेत्री ईशा सिंह ने अपनी फिल्म 'आब्सेस' में सभी एक्शन सीन खुद किए और अब और एक्शन फिल्में करने को तैयार हैं। हिंदी सिनेमा में इन दिनों अभिनेत्रियों को भी केंद्र में रखकर कई बड़ी एक्शन फिल्में बनाई जा रही हैं।

आगामी दिनों में प्रदर्शन की कतार में शामिल अल्फा तथा शक्ति शालिनी जैसी फिल्में इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। इस चलन को हिंदी सिनेमा की अभिनेत्रियां एक सकारात्मक बदलाव की तरफ देख रही हैं। साल 2022 में फिल्म मिडिल क्लास लव से फिल्मों में कदम रखने वाली अभिनेत्री ईशा ने अपनी हालिया प्रदर्शित फिल्म आब्सेस के लिए सारे एक्शन सीन स्वयं किया। आगे वह और भी एक्शन फिल्में करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उसे अपनी बेवकूफी की वजह से चोट लगी थी। ईशा ने टीवी धारावाहिकों से शुरुआत के बाद फिल्मों में अपनी राह बनाई। टीवी से फिल्मों के लिए प्रयासरत कई कलाकारों की शिकायत होती है कि टीवी कलाकार वाली छवि पीछा नहीं छोड़ती है। ईशा कहती हैं, 'मैंने तो टीवी में काम करने के बाद अनुभव सिन्हा के साथ एक फिल्म (मिडिल क्लास लव) की। फिर टीवी धारावाहिक किया और उसके बाद फिर फिल्म की। मुझे छवि जैसी कोई बात नहीं लगती है। बस कलाकार को अपने काम के प्रति ईमानदार होने की आवश्यकता है। मैंने अब तक अपनी तरफ से कठिन परिश्रम करने में कुछ भी बाकी नहीं छोड़ा है, बाकी तो ऊपरवाला देख ही रहा है।'



हॉलीवुड मसाला



# 10 साल बाद अलग हुए कोर्टनी-जॉनी

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी शो 'फ्रेंड्स' की अभिनेत्री कोर्टनी कॉक्स और 'स्नो पेट्रोल' बैंड के म्यूजिशियन जॉनी मैकडैड का रिश्ता अब खत्म हो गया है। दोनों 10 साल से भी ज्यादा समय से साथ थे। कोर्टनी कॉक्स और जॉनी मैकडैड की मुलाकात साल 2013 के आखिर में एक हाउस पार्टी में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने डेटिंग शुरू की। रिश्ते के 9 महीने बाद ही दोनों ने सगाई कर ली थी, लेकिन 2015 के आखिर में उनकी सगाई टूट गई। साल 2016 में दोनों फिर से साथ आ गए, लेकिन इस बार उन्होंने दोबारा सगाई नहीं की।



# टायरेस ने की शिव की पूजा चढ़ाया दूध; मार्टिन को किया याद

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और सिंगर टायरेस गिब्सन हाल ही में भारत आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बेहद भावुक संदेश शेयर करते हुए अपनी भारत की यात्रा को 'जिंदगी बदलने वाला' और एक आध्यात्मिक सफर बताया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत का यह सफर उनके जीवन के एक बड़े और प्रेरणादायक बदलाव की शुरुआत है। टायरेस गिब्सन ने इंस्टाग्राम पर मुंबई के एक मंदिर की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए, जिसमें वह शिवलिंग पर दूध चढ़ाते और आरती करते नजर आ रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने साल 1959 में डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर की भारत यात्रा का जिक्र किया। टायरेस ने लिखा, 'डॉ. मार्टिन लूथर किंग भी गांधी जी के विचारों को समझने भारत आए थे। उन्होंने कहा था कि ईसा मसीह ने उन्हें प्यार करना सिखाया, लेकिन महात्मा गांधी ने उन्हें अहिंसा का रास्ता दिखाया। उस यात्रा ने इतिहास बदल दिया था।'



# उर्वशी पर चढ़ा फुटबॉल वर्ल्ड कप का बुखार


**मुंबई।** इन दिनों देश और दुनिया भर के फुटबॉल फैंस खुशी से झूम रहे हैं। फीफा वर्ल्ड का खुमार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी फीफा वर्ल्ड कप के रंग में रंग गई है। एक्ट्रेस ने डांस वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ियों को अपना सपोर्ट दिखा रही हैं। उर्वशी ने रविवार को एक डांस वीडियो पोस्ट किया, इसमें वह कई चर्चित फुटबॉलर के सिग्नेचर स्टेप्स को डांस फॉर्म में कर रही हैं। जहां तक सपोर्ट की बात है तो उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'यूआर7 (उर्वशी रौतेला) की तरफ से रोनाल्डो यूआर 7 के लिए...।' इस तरह उर्वशी ने बता दिया कि उनके पसंदीदा फुटबॉल प्लेयर क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। उनका जर्सी नंबर 7 हैं। उर्वशी रौतेला पिछले दिनों कान फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक के लिए चर्चा में रहीं।



# भगवान राम व हनुमान से प्रेरित हैं रोल

**मुंबई।** 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी को दर्शकों का काफी प्यार मिला। इसकी दोनों फिल्में हिट रहीं। सर्किट और मुन्नाभाई की जोड़ी खूब पसंद की गई। हाल ही में राजकुमार हिरानी ने खुलासा किया कि ये दोनों किरदार भगवान राम और प्रभु हनुमान से प्रेरित हैं। मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि मुन्ना और सर्किट के किरदारों के बीच का रिश्ता ही उनकी 'मुन्नाभाई' फ्रैंचाइजी की लोकप्रियता की वजह है। राजू हिरानी ने हाल ही में तीसरे पार्ट पर बात की और कहा कि तीसरी फिल्म तभी आएगी, जब उन्हें कोई जबर्दस्त आइडिया मिलेगा। बता दें कि राजकुमार हिरानी ने साल 2003 में 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया। साल 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्नाभाई' आया। दोनों फिल्मों को दर्शकों से खूब प्यार मिला।

टीवी मसाला



# सुनीता ने खटपट की खबरों के बीच गोविंदा पर फिर कसा तंज

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' के पहले ही एपिसोड में टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा चमोला ने अपने अलगाव की खबर सुनाई। वहीं, हर्षद चोपड़ा ने गर्लफ्रेंड से मिले धोखे की कहानी को बयां किया। इनके अलावा गोविंदा की पत्नी सुनीता ने भी इस शो पर ऐसी बातें कहीं, जो सुर्खियों में आ गई हैं। लॉकअप 2 के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख ने सुनीता के सामने एक खबर पढ़कर सुनाई। यह बयान सुनीता का ही था।

# 'गुलाबी साड़ी' गाने में रितेश और अंजलि का तगड़ा डांस...

**मुंबई।** अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख जैसे कलाकरों से सजी फिल्म 'धमाल 4' का एक और गाना रिलीज हो गया है। संजू का 'गुलाबी साड़ी' नया ट्रैक है जिस पर फैंस भी झूम रहे हैं। गाने में अंजलि आनंद और रितेश ने कमाल का डांस किया है। 'धमाल 4' के रिलीज होने में दो हफ्ते से भी कम समय बचा है और इसका प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। इसका ट्रेलर लॉन्च 12 जून को मुंबई के बाहरी इलाके में मौजूद मशहूर एम्यूजमेंट पार्क, 'इमैजिका' में हुआ था। अब हम आपके लिए 'धमाल 4' का एक और नया गाना लेकर आए हैं जो रविवार को ही रिलीज हुआ है और फैंस को ये खूब पसंद भी आ रहा है। 27 जून को रितेश देशमुख और अंजलि आनंद मुंबई के एक मॉल में 'धमाल 4' के गाने 'साड़ी' को बड़े शानदार तरीके से लॉन्च करने आए। दोनों कलाकारों ने मिलकर इस गाने पर लाइव परफॉर्मेंस दी और स्टेज पर धूम मचा दी। 'धमाल 4' का नया गाना है 'गुलाबी साड़ी', जिसे संजू ने गाया है जिन्होंने अपना ही ओरिजिनल वर्जन भी गाया था। उन्होंने इस गाने में भी मस्ती का तड़का लगाया है। गाने में अंजलि आनंद और रितेश देशमुख डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। संजीदा शेख और अरशद वारसी भी इसमें हैं।




अजय देवगन के सीन्स भी गाने में दिखाए गए हैं। 'साड़ी' मशहूर मराठी गाने 'गुलाबी साड़ी' का एक जोशीला, रीक्रिएटेड हिंदी वर्जन है, जिसे संजू राठौड़ ने गाया, कंपोज और लिखा है। इस गाने को भी उन्होंने ही आवाज दी है और वो वीडियो में दिखे भी हैं। इंद्र कुमार के डायरेक्शन में बनी 'धमाल 4' में इस फ्रैंचाइजी की कास्ट – अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी की वापसी हो रही है।

# वाराणसी में रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और बाप-बेटे की कहानी

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर एसएस राजामौली अभी फिल्म 'वाराणसी' की चल रही शूटिंग से ब्रेक लेकर यूरोप के दौरे पर हैं। फ्रांस में हुए एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्में 'आरआरआर' और 'ईगा' दिखाई गईं। डायरेक्टर ने एक मास्टरक्लास में अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात की और कन्फर्म किया कि 'बाहुबली' के उलट, यह फिल्म किसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं, बल्कि एक स्टैंडअलोन फिल्म होगी।

बातचीत के दौरान, राजामौली ने बताया कि दर्शक 'वाराणसी' से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप अंटार्कटिका की ठंड और बर्फ का अनुभव करेंगे। रामायण के देवता, प्राकृतिक आपदाएं और शानदार फैक्ट्स - यही सब अनुभव आपको मिलेगा, लेकिन इन सबके केंद्र में पिता और पुत्र की भावनाएं हैं। यही सब मिलकर आपके लिए 'वाराणसी' बनाते हैं।' जब राजामौली से पूछा गया कि यह प्रोजेक्ट एक ही फिल्म होगी या कोई फ्रेंचाइजी, तो उन्होंने जवाब दिया, 'एक फिल्म। हां, एक फिल्म।' जब टीजर रिलीज हुआ, तो राजामौली ने यह भी बताया कि महेश बाबू फिल्म के एक सीन में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। बाद में, राइटर विजयेन्द्र प्रसाद ने फिल्म के 30 मिनट के एक सीन के बारे में हिंट देते हुए कहा, 'यह राम और कुंभकर्ण के बीच की लड़ाई है। आपने ट्रेलर में देखा होगा, है ना? आपने राम और कुंभकर्ण को देखा। आपने भगवान हनुमान की पूंछ और उस पर एक रथ देखा। मैं उसी की बात कर रहा हूं... जो हैरान कर देने वाला है।' 'वाराणसी' हाल के सालों की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। राजामौली ने हाल ही में बताया कि फिल्म के मेन एक्शन सीन पहले ही पूरे हो चुके हैं और अक्टूबर तक शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है। यह फिल्म अप्रैल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एसएस राजामौली के निर्देशन और विजयेन्द्र प्रसाद की लिखी कहानी वाली 'वाराणसी', 'आरआरआर' की ग्लोबल सफलता के बाद इस फिल्ममेकर की पहली फीचर फिल्म है।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.